राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक : 4 बारहवीं विधान सभा के चतुर्थ सत्र का दूसरा दिवस संख्या : 2

मंगलवार

27 सितम्बर, 2005

(राजस्थान विधान सभा की बैठक 11.00 बजे

विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई)

(श्रीमती सुमित्रा सिंह, अध्यक्ष, पदासीन)

श्री जुबेर खान (रामगढ़) : अध्यक्ष महोदय, कल जिस विवाद को लेकर गतिरोध पैदा हुआ था उसमें हमारा आपसे निवेदन है कि जब तक उस गतिरोध के उपर...(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : प्रश्नकाल होने दीजिए, आप प्रश्नकाल होने दीजिए.... (व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी (जैसलमेर) : गुंडागर्दी बंद करो सदन में....(व्यवधान)

श्री जुबेर खान : सरकार अपना जवाब... (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : कब तक सदन का समय बर्बाद करोगे... (व्यवधान)

श्री जुबेर खान : हमारी मांग है कि इस प्रकरण में सी.बी.आई. से जांच करा ली जाये, जब तक सी.बी.आई. से जांच नहीं करायी जायेगी सच्चाई सामने नहीं आयेगी इसलिए आपसे निवेदन है कि पहले इस मसले का हल किया जाये (व्यवधान)

डा. दिगम्बर सिंह (चिकित्सा मंत्री) : सदन का समय बर्बाद कर रहे ...(व्यवधान)

श्री जुबेर खान : अध्यक्ष महोदय, हमारा आपसे निवेदन है कि पहले इस मसले का हल किया जाये...(व्यवधान)

डा. दिगम्बर सिंह : आप आज भी सदन का समय खराब करना चाहते हैं.... (व्यवधान)

डा. भंवरलाल राजपुरोहित (मकराना) : आप उस महिला का बयान पढ़ लें.... (व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी : आप लोगों का एक-एक चिट्ठा खोलकर इस विधान सभा में रखना पडेगा। तब आप चुप रहोगे। आप लोगों का एक-एक चिट्ठा खोलकर विधान सभा में रखना पड़ेगा... (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : स्थान ग्रहण करें (व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी : चिट्ठा खोलकर रखना पडेगा...(व्ययधान)

श्री बंशीलाल खटीक (राजसमन्द) : आप बलात्कारी हो... (व्यवधान) +++ (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : खोलो, चिट्ठा खोलो.... (व्यवधान)

मोहम्मद माहिर आजाद (नगर) : चिट्ठा खोलो चिट्ठा...(व्यवधान)

श्री बंशीलाल खटीक : जो लोग अजमेर अश्लील कांड में गुंडों के साथ...(व्यवधान)

मोहम्मद माहिर आजाद : चिट्ठा खोलेंगे चिट्ठा.. (व्यवधान)

डा. भंवरलाल राजपुरोहित : अजमेर कांड का क्या हुआ.. (व्यवधान) अजमेर कांड में क्या था.. (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : आपके पास कोई मुददा नहीं है.. (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आसन पांवों पर है, आसन पांवों पर है .. (व्यवधान)

मोहम्मद माहिर आजाद : सबका है हिसाब.. (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आसन पांवों पर है..(व्यवधान) रामगढ़ से आने वाले माननीय सदस्य जो प्रश्न यहां पूछे जाते हैं उन पर लाखों रुपये खर्च होते हैं। आप लोगों को सोचना चाहिए। जिस वजह से अपने प्रश्न लोग पूछते हैं आप प्रश्नकाल होने दें, उसके बाद आपको जो कुछ कहना है वह कहियेगा। प्रश्नकाल तो होने दीजिए आप।

श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली) : अध्यक्ष महोदय, लाखों यहां खर्च होते हैं, पार्लियामेंट में करोड़ों खर्च होते हैं और यह लोग पार्लियामेंट बेकार की बात पर नहीं चलने देते हैं। कभी केजीबी की बात पर नहीं चलने देते हैं, जहां करोड़ों-अरबों रुपया खर्च होता है पार्लियामेंट में वहां का ध्यान इनको नहीं है। वहां का ध्यान इनके केन्द्रीय नेताओं को नहीं है। यह महत्वपूर्ण प्रश्न है.. (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : प्रश्नकाल होने दीजिये, शून्यकाल में जो कहना है कह लेना । अभी प्रश्नकाल होने दीजिये..(व्यवधान)

श्री हरिमोहन शर्मा : जो स्टैंड लिया गया है उस पर चर्चा होनी चाहिए..(व्यवधान) राजस्थान विधान सभा नहीं चलनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, यह इतना महत्वपूर्ण प्रश्न है..(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : यह आपने कल कह लिया। कल सारा दिन आपने इस बात पर बिता दिया। अब आप और क्या कहना चाहते हैं..(व्यवधान)

श्री सांवर लाल (सिंचाई मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, अब सारी बात आ गयी है.. (व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी : सारी बात अब क्लियर हो गयी है। अब कुछ नहीं बचा है..(व्यवधान)

श्री हरिमोहन शर्मा : माननीय अध्यक्ष महोदय, दो बातें हैं इन दो बातों का समाधान होना चाहिए... (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : प्रश्नकाल..(व्यवधान)

श्री हरिमोहन शर्मा : अध्यक्ष महोदय, इन बातों का जवाब आना चाहिए..(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : स्थान ग्रहण कर लें।

श्री हरिमोहन शर्मा : पहले इस बात पर चर्चा होनी चाहिए। बिना चर्चा के यह नहीं हो सकता है... (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : स्थान ग्रहण करें...(व्यवधान) कृपया स्थान ग्रहण करें। अब आपके क्या हुआ रायपुर से आने वाले माननीय सदस्य, आपको क्या तकलीफ है..(व्यवधान) स्थान ग्रहण करें।

श्री सी.डी. देवल (रायपुर) : हमारा हक है, खड़े होने का...(व्यवधान)

श्री रामप्रताप कासनियां (पीलीबंगा) : अध्यक्ष महोदय, आपका जवाब उस महिला ने खुद दे दिया है। वह अखबार में छपा है...(व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, इनके प्रश्न का जवाब उस पीडित महिला ने स्वयं दे दिया है.. (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : प्रश्नकाल।

तारांकित प्रश्नोत्तर

प्रश्न संख्या 22

श्री संयम लोढ़ा।

(माननीय सदस्य प्रश्न पूछने के लिए खड़े नहीं हुए)

श्री जीतराम ।

पुलिस बल के प्रशिक्षण हेतु कार्य योजना

23. श्री जीतराम (मालपुरा) : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

1. क्या यह सही है कि राज्य में नई पुलिस नीति लागू करने का मसौदा विचाराधीन है? यदि हां, तो इसे कब तक लागू कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

2. क्या सरकार राज्य की पुलिस फोर्स के प्रशिक्षण हेतु कार्य योजना बनाने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों ?

गृह मंत्री (श्री गुलाब चन्द कटारिया) : (1) राजस्थान अधीनस्थ पुलिस सेवा तथा राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों के स्थानान्तरण/ पदस्थापन के संबंध में पुलिस स्थानान्तरण नीति विचाराधीन है। इसे शीघ्र लागू किया जाएगा

(श्री गुलाब चन्द कटारिया)

(2) जी हां । पुलिस फोर्स के प्रशिक्षण हेतु एक नीति शीघ्र बनायी जायेगी ।

(शेष तारांकित प्रश्नोत्तर के लिए आगे देखें)

श्री सी. डी. देवल : आप उनको रोकते नहीं है । यह मंत्री बोलते हैं, बीच में उनको रोकते नहीं है। केवल प्रतिपक्ष के लोगों को दबाने के लिए.. (व्यवधान)

श्री जीतराम : पुलिस फोर्स के पदस्थापन/स्थानान्तरण की नीति.. (व्यवधान) इस पर निर्णय कब तक...(व्यवधान)

श्री सी. डी. देवल : नहीं बोलने दी है ... (व्यवधान)

श्री जीतराम : पुलिस फोर्स के प्रशिक्षण हेतु अब तक कितने.... (व्यवधान)

श्री रामप्रताप कासनियां : अध्यक्ष महोदय, जवाब प्रेस के माध्यम से उस महिला ने स्वयं दे दिया है और प्रतिपक्ष के माननीय सदस्य पढ़े-लिखे हैं, अखबार में इन्होंने खुद पढ़ा है..(व्यवधान)

श्री जीतराम : यह नीति कब तक लागू कर दी जायेगी...(व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया : अध्यक्ष महोदय, पुलिस फोर्स को प्रशिक्षण नीति में...(व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी : जिस महिला का नाम था। उस महिला ने मना कर दिया। इनकी इज्जत गयी, धूल में मिल गयी इज्जत उसी दिन.. (व्यवधान)

मोहम्मद माहिर आजाद : आपने क्या किया..(व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी : कांग्रेस की इज्जत तो धूल में मिल गयी.. (व्यवधान) कांग्रेस जो खेल खेलना चाहती थी वह खेल समाप्त हो गया.. (व्यवधान) उस महिला ने इनका साथ देने से मना कर दिया..(व्यवधान) अब कांग्रेस की इज्जत तो सदन में भी गयी और जनता में भी गयी और नेता की भी गयी..(व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला (नेता, प्रतिपक्ष) : हम दुराचरण के मामले में सत्ता पक्ष..(व्यवधान) असेम्बली में जो मुददा उठाया गया था उसके बारे में सरकार का..(व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (सार्वजनिक निर्माण मंत्री) : यह मंच बन गया आपका..(व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : पूरे प्रकरण के उपर..(व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी : कांग्रेस की इज्जत्त मिट्टी में मिल गयी.. (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ : अध्यक्ष महोदय, बिना किसी मामले में... (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : कांग्रेस उस महिला का सहारा लेकर बात करना चाहती थी..(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आसन आप सबसे अनुरोध करती है कि आप अपना-अपना स्थान ग्रहण कर लें..(व्यवधान)

श्री सांवर लाल : महिला के बयान के बाद सारी स्थिति साफ हो चुकी है..(व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : जो कल बात उठायी गयी थी, वह वहीं की वहीं पड़ी हुई है, न तो सरकार ने इसकी सी.बी.आई. की जांच की..(व्यवधान)

श्री बंशीलाल खटीक : यह सदन का समय बर्बाद कर रहे हैं.. (व्यवधान)

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास मंत्री) : बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न हैं, सदन के समय को बिना किसी कारण के बर्बाद किया जा रहा है। विपक्ष के माननीय सदस्य केवल समय बर्बाद कर रहे हैं और कुछ नहीं कर रहे हैं.. (व्यवधान)

श्री महावीर प्रसाद जैन (सरकारी मुख्य सचेतक) : बात नहीं करते, सारे राजस्थान में क्या हो रहा है, उसकी चर्चा करने की इनको फुरसत नहीं है और बाकी सारे मामले..(व्यवधान)

श्री सी. डी. देवल : सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज करने जा रही है.. (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : भ्रष्टाचार फैल रहा है..(व्यवधान)

श्री बंशीलाल खटीक : अजमेर में क्या हुआ....(व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : ना सरकार सी.बी.आई. से जांच कराने के लिए तैयार है...(व्यवधान) सरकार मामले को दबाने का प्रयास कर रही है.. (व्यवधान)

श्री सांवर लाल : अजमेर अश्लील कांड को भूल गये आप.. (व्यवधान) आपने क्या-क्या किया है, भूल गये सारी बात को.. (व्यवधान)

श्री सी.डी. देवल : आपके टौंक में क्या-क्या किया, आपके नाम से कमरे बुक थे..(व्यवधान) आप तो बाल-बाल बच गये..(व्यवधान)

श्री महावीर प्रसाद जैन: आप पूरे अपराधी हो अपराधी...(व्यवधान)

श्री सी.डी. देवल : आप बाल-बाल बच गये..(व्यवधान)

श्री महावीर प्रसाद जैन: +++ (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आर्डर, आर्डर..(व्यवधान)

श्री महावीर प्रसाद जैन : सांसद के निवास पर बलात्कार । कांग्रेस के सांसद के निवास पर बलात्कार..(व्यवधान) आप बलात्कारी हैं..(व्यवधान)

डा. दिगम्बर सिंह : सोनिया गांधी के बारे में क्या लिखा है... (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय चिकित्सा मंत्रीजी आप बिराजें..(व्यवधान) माननीय चिकित्सा मंत्रीजी. क्या हो गया अब आपको...(व्यवधान)

श्री सांवर लाल : अध्यक्ष महोदय, प्रतिपक्ष का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार..(व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी : अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस की इज्जत सदन में गयी, कांग्रेस की इज्जत जनता में गयी..(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : स्थान ग्रहण करें, मुझे नाम से पुकारना पड़ेगा.. (व्यवधान) इनकी कौनसी है..(व्यवधान)

श्री रामप्रताप कासनियां : हमने तो आपकी ढकी हुई रखी.. (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, स्थान ग्रहण करें, मुझे नाम से पुकारना पड़ेगा । (व्यवधान) स्थान ग्रहण करें। (व्यवधान)

श्री रामप्रताप कासनियां (पीलीबंगा) : म्है तो राखी थारी ढकी दूमी ..।

श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : ...फाइव स्टार होटल में, एक मंत्री की मोजूदगी में फार्म हाउस में (व्यवधान) सरकार के मंत्री की मौजूदगी में.. । (व्यवधान)

श्री कालूलाल गुर्जर (ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री) : उस औरत ने मना कर दिया। (व्यवधान) कांग्रेस की इज्जत गई, कांग्रेस झूठी है, कांग्रेस बेमतलब के मुद्दे उठाती है। (व्यवधान) इससे साबित हो गया कि कांग्रेस के नेता बेमतलब के मुद्दे उठाते हैं। (व्यवधान) कांग्रेस की इज्जत जनता में गई, राजस्थान में गई। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि क्या आप सदन की कार्यवाही चलाना चाहते हैं? (व्यवधान) आप सदन को नहीं चलाना चाहते। (व्यवधान)

श्री मदन दिलावर (समाज कल्याण मंत्री) : संयम लोढ़ा की करतूतें (व्यवधान) संयम लोढ़ा क्या-क्या करता है, रात-रात भर कहां-कहां घूमता है संयम लोढ़ा...(व्यवधान)।

डा. बुलाकीदास कल्ला (नेता प्रतिपक्ष) : हम सदन को चलाना चाहते हैं और इसकी जांच सी.बी.आई. से चाहते हैं। सरकार नहीं चाहती है कि इसकी जांच सी.बी.आई. से हो। (व्यवधान)

डा. दिगम्बर सिंह (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री) :...(व्यवधान) राजीव गांधी को +++ बताया है, श्रीमती सोनिया गांधी को डरपोक बताया है।...(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : राजसमन्द से आने वाले माननीय सदस्य, स्थान ग्रहण कर लें। (व्यवधान) राजसमन्द से आने वाले माननीय सदस्य, स्थान ग्रहणकर लें। (व्यवधान) आप सदन की कार्यवाही चलाना चाहते हैं? (व्यवधान)

श्री सांवर लाल (सिंचाई मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, आपसे निवेदन है कि आप प्रतिपक्ष को लाइन में लाइए। (व्यवधान)

श्री बंशीलाल खटीक : (राजसमन्द) : + + + (व्यवधान)

श्री सांगसिंह भाटी (जैसलमेर) : आंचल में झांको, अजमेर काण्ड क्या था।

श्री बंशीलाल खटीक : अजमेर अश्लील काण्ड में सात छात्राओं ने आत्महत्या की थी। उस समय इन लोगों को क्या सांप सूंघ गया था। (व्यवधान) +++ (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही आधा घण्टे के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन बैठक 11.12 बजे आधे घण्टे के लिए स्थगित हुई)

(11.42 बजे)

(पुनः समवेत होने पर)

(श्री रामनारायण विश्नोई, उपाध्यक्ष पदासीन)

श्री उपाध्यक्ष : सदन की कार्यवाही एक घण्टे के लिए स्थगित की जाती है ।

(तदनन्तर सदन की बैठक 11.43 बजे एक घण्टे के लिए स्थगित हुई)

(पुनः समवेत होने पर)

(समय 12.45 बजे)

(श्री रामनारायण विश्नोई, उपाध्यक्ष, पदासीन)

श्री उपाध्यक्ष : सदन की कार्यवाही एक घण्टे के लिए स्थगित की जाती है ।

(तदनन्तर सदन की कार्यवाही एक घण्टे के लिए स्थगित हुई)

(पुनः समवेत होने पर)

(13.45 बजे)

(श्री रामनारायण विश्नोई, उपाध्यक्ष, पदासीन)

श्री उपाध्यक्ष : सदन की कार्यवाही शुरू करेंगे।

डा. बुलाकीदास कल्ला (नेता, प्रतिपक्ष) : सदन की कार्यवाही कैसे शुरू करेंगे आप? जब व्यवधान आया हुआ है, सी.बी.आई. जांच की मांग कर रहे हैं और सरकार कह रही है...(व्यवधान) मंत्रीजी ने कल कहा है कि कोई भी जांच कराना चाहे, हम कराने के लिए तैयार हैं...(व्यवधान)

श्री सांवर लाल : ...आपकी मांग नामंजूर की जाती है । आपकी कोई भी मांग...(व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : ...मार्च में जो घटना घटित हुई उसकी एफ.आई.आर. कल लॉज हुई है ..(व्यवधान) इससे स्पष्ट हुआ है कि मामले को पूरी तरह से दबाने की कोशिश की गई है। (व्यवधान)

श्री सांवर लाल : ...इन बातों के लिए दो दिन से लगातार सदन.. (व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : ...उपाध्यक्ष महोदय, इसको दबाने का प्रयास किया गया है। (व्यवधान)

श्री सांवर लाल : प्रतिपक्ष के नेता दो दिन से सदन का समय बर्बाद कर रहे हैं। (व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला :...तो जांच का मुकाबला करेंगे...(व्यवधान) शुरू हुआ था वह मामला वहीं का वहीं का वहीं रूका हुआ है । उपाध्यक्ष महोदय, समय का यह तकाजा है और यह सिद्ध हो चुका है कि कल विधान सभा में जो मामला उठाया गया था...(व्यवधान) राज्य सरकार ने तो... (व्यवधान) एफ.आई.आर. लॉज की है...(व्यवधान)

श्री सांवर लाल : ...प्रतिपक्ष का जो रवैया है...(व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ :...कल्लाजी, कुछ तो सोचो । आप थोथी राजनीति के लिए इस मंच का इस्तेमाल कर रहे हो । (व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : ...पूरा का पूरा यह मामला दबाने का प्रयास किया गया है । (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ : ...इस पवित्र सदन का इस्तेमाल कर रहे हो, कल्ला जी । (व्यवधान) आपके पास कोई तथ्य हों तो सामने लेकर के आवो। कुछ तो सोचो । (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : थोड़ी बहुत भी शर्म है तो +++ (व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : ...आप स्वयं जानते हैं कि कल एफ.आई.आर. लॉज हुई है और एफ.आई.आर. लॉज...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : ...प्रतिपक्ष के नेताजी, आपने जो अधिकारियों को...(व्यवधान) उसमें क्या गड़बड़ है । (व्यवधान) जो सोनिया गांधी के बारे में बोले है...(व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, माननीय सदस्य ।

एक माननीय सदस्य : ...आपने जिस किताब का विमोचन किया है.. (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य। (व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ :... मैं बोल सकता हूं, यह मेरे पास सबूत है। वे माननीय सदस्य बोल रहे हैं. हां, मैं बोलना चाहता हूं। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य. आप अपना स्थान ग्रहण कीजिये।

श्री मदन राठौड़ : माननीय उपाध्यक्ष महोदय. आप मेरी बात सुनिये। ये सिरोही से आने वाले माननीय सदस्य... (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : अजमेर में क्या हुआ? (व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ : ...यह जवाब दो। (व्यवधान) कोमल कौन है? (व्यवधान)...लेकर के आये..(व्यवधान) यह सिरोही से आने वाले माननीय सदस्य, मैं खुद आरोप लगा रहा हूं, सिरोही से आने वाले माननीय सदस्य.. (व्यवधान)

कोमल कौन है. यह जवाब दें। (व्यवधान)

श्री बंशीलाल खटीक : .. दूध के धुले हुए नहीं हैं।..एक-एक कांग्रेस का सदस्य धुला हुआ नहीं है। (व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ : ...+++ (व्यवधान) ये क्या पूछेंगे। (व्यवधान) कैसे आरोप लगाये हैं। (व्यवधान)

श्री बंशीलाल खटीक : ...यह इस प्रकार से क्या करना चाहते हैं ? (व्यवधान) यह आरोप कि +++ (व्यवधान) अपने गिहरबान में देखें।

श्री मदन राठौड़ : ...कितना धन खर्च हुआ है। (व्यवधान)

श्री बंशीलाल खटीक : ...अजमेर अश्लील कांड हुआ...(व्यवधान) जिन्होंने मानवता का नंगा नांच किया है पहले वे लोग अपने गिरेबान में झांक कर देखें 1 (व्यवधान)..कांग्रेस की सरकार की कृपा से... (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य।

श्री मदन राठौड़ : ...ये सिरोही से आने वाले माननीय सदस्य क्यों डर रहे हैं, खड़े होकर के जवाब दे दें। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष माननीय सदस्य : माननीय सदस्य (व्यवधान)

श्री नाथूराम अहारी : ये क्या बोल रहे हो आप ? (व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य आपको सम्बोधित कर रहे हैं। ये माननीय सदस्य कैसे आपको सम्बोधित कर रहे हैं (व्यवधान) यह अखाड़ा है या दंगल हैं। (व्यवधान)

श्री बंशीलाल खटीक : +++ (व्यवधान) +++ अपने मुखिया को याद करो। +++ पहले सोचो अपने मुखिया को, +++ (व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : माननीय उपाध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य आपको सम्बोधित करते हैं। (व्यवधान) सारा मामला स्पष्ट है। उपाध्यक्ष महोदय, सारा मामला स्पष्ट है। (व्यवधान)

श्री नाथूराम अहारी : आप भी सदन की गरिमा नहीं रखते हो। (व्यवधान)

डा. बुलाकीदास कल्ला : उपाध्यक्ष महोदय, आपको सदस्यों को नियंत्रित करना चाहिए। (व्यवधान)

श्री बंशीलाल खटीक : +++ (व्यवधान) कितने किस्से थे (व्यवधान) +++ (व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ : यदि माननीय सदस्य भी सही हैं और सदन से घोषणा कर दो...(व्यवधान) कोमल बहिन है इनकी।

श्री सांवर लाल : उपाध्यक्ष महोदय, महिला के बयान आ गये, पुलिस में सारी चीजें हो गई, उसके बाद सें किस चीज की मांग कर रहे हैं? (व्यवधान)

श्री नाथूराम अहारी : कुछ तो शर्म करो (व्यवधान) आप क्या बोल रहे हो ?

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, माननीय सदस्य, कृपया बिराजें। माननीय सदस्य, माननीय सदस्य ।

श्री सांवर लाल : सदन का समय खराब मत करो प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों । (व्यवधान)

श्री मदन राठौड़ : कोमल इनकी बहिन है, क्या इनका संबंध है? आप क्या आरोप लगा रहे हो दूसरों पर, आप अपनी गिरहबान में झांककर देखो, फिर दूसरों पर पत्थर फेंकना शुरू करो। (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, माननीय सदस्य।

श्री मदन राठौड़ : खुद कांच की दीवारों में खडे हो, दूसरों पर पत्थर फेंकने की हिम्मत कर रहे हो। यदि हिम्मत है तो कह दो कि कोमल आपकी बहिन है, बोलो सदन के अन्दर, क्या बात कर रहे हो (व्यवधान) क्या जबाब दोगे आप? रोजाना इनकी पत्नी रोकर के बाहर आती है, आसपास में रहने वाले लोगों से पूछिये...(व्यवधान)

श्री सांवर लाल : उसके बाद फिर कैसी-कैसी चीज की मांग कर रहे हो।

श्री मदन राठौड़ : माननीय विधायक है, इनको पूछिये, ये क्या जवाब देंगे? कभी ये बाहर निकलते हैं, कभी इनकी पत्नी बाहर निकलती है । रोती है

(श्री मदन राठौड़)

बेचारी एक महिला । यह महिला उत्पीड़न का मामला है। माननीय उपाध्यक्ष महोदय, वह इनके घर में एक महिला के साथ उत्पीड़न हो रहा है (व्यवधान) आप क्या बात कर रहे हो?

एक माननीय सदस्य : और ये माननीय सदस्य कोमल के बारे में कह रहे हैं, इनका जवाब दिया जाये... (व्यवधान) दो-दो कोमल आ गई।

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, माननीय सदस्य। माननीय सदस्यगण, बिराजें, बिराजें।

श्री मदन राठौड़ : उपाध्यक्ष महोदय, वह गम्भीर मामला है।

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, माननीय सदस्य। श्री रामनारायणजी डूडी ।

श्री भवानी सिंह राजावत : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सुमेरपुर से आने वाले माननीय सदस्य ने जो बात कही है... (व्यवधान)

श्री रामप्रताप कासनिया : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, इन बाल ब्रह्मचारियों को रोकिये, इन बाल ब्रह्मचारियों को रोकिये। दो दिन हो गये हैं हाउस का समय बर्बाद हो रहा है ।

श्री उपाध्यक्ष : माननीय सदस्य, माननीय सदस्य, स्थान ग्रहण करें। माननीय सदस्यों से मेरा यही निवेदन करना है, माननीय नेता प्रतिपक्ष, आज गृह मंत्रीजी का इसी मुददे पर स्टेटमेंट आना है, वक्तव्य आना है और ग्रह मंत्रीजी के स्टेटमेंट के बाद में आपको जो बात कहनी है, वह कह सकते हैं आप। (व्यवधान)

श्री सांवर लाल : अगर नहीं सुनेंगे तो यह आपकी ... (व्यवधान) वह इनकी दादागीरी चल नहीं रही है ।

डा. बुलाकीदास कल्ला : सरकार पूरी तरह से मामले को दबाने में लगी हुई है । (व्यवधान)

श्री सांवर लाल : आपकी मर्जी से नहीं चलेगा सदन।

(13.52 बजे)

(श्रीमती सुमित्रा सिंह, अध्यक्ष, पदासीन)

डा. बुलाकीदास कल्ला : अध्यक्ष महोदय, सरकार से....

श्री अध्यक्ष : स्थान ग्रहण करें सत्ता पक्ष के मानवीय सदस्य। (व्यवधान) भवानी मण्डी से आने वाले माननीय मंत्रीजी स्थान ग्रहण करें। (व्यवधान) श्रीरामनारायणजी डूडी का नाम पुकारा गया था। आपने रख दिया ?

श्री रामनारायण डूडी : नही बोला।

डा. बुलाकीदास कल्ला : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने सदन इसी लिए तो स्थगित किया, जिस कारण से प्रश्नकाल कल नही चला, आज नहीं चला आज की सारी की सारी कार्यवाही आपने तीन बार स्थगित की । नतीजा सिफर रहा। (व्यवधान)

सदन पटल पर रखे गये पत्र

अधिसूचनाएं

राजस्व विभाग

श्री रामनारायण डूडी (राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आज्ञा से कार्यसूची में किये गये उल्लेख के अनुसार राजस्व विभाग की 13 एवं उपनिवेशन विभाग की दो अधिसूचनाएं सदन की मेज पर रखता हूं :-

(I) अधिसूचना संख्या प.6(18) राज-6/99/1 दिनाकं 10.2.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या प.6(18) राज-6/99/25 दिनाकं 19.7.1999 में संशोधन किया गया है ।

(2) अधिसूचना संख्या प6(18) राज-6/99/2 दिनाकं 10.2.2005 जिसके द्वारा समस्त तहसीलदार राजस्थान भु-राजस्व अधिनियम की धारा 90बी की शक्तियों का प्रयोग केवल उनकी तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों (नगरपालिका व उसकी पेराफेरी को छोडकर) में किये जाने हेतु प्राधिकृत किया गया है।

(3) अधिसूचना संख्या प.6(18) राज-6/90/3 दिनांक 10.2.2005 जिसके द्वारा नायब तहसीलदारों को उनके क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत प्रदत्त की गई राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90बी की शक्तियां वापस ली गई हैं।

(4) अधिसूचना संख्या प.6(30) राज-6/2000/4 दिनाकं 17.2.2005 जिसके द्वारा राजस्थान भू-राजस्व (गौशालाओं को भूमि का आबंटन) नियम, 1957 मे संशोधन किया गया है।

(श्री रामनारायण डूडी)

(5) अधिसूचना संख्या प.6(16)राज-6/91 पार्ट/8 दिनांक 19.3.2005 जिसके द्वारा राजस्थान भू-राजस्व (औद्योगिक भू-आबंटन) नियम,1959 में संशोधन किया गया है।

(6) अधिसूचना संख्या प.5(1)राज 6/2001/9 दिनांक 21.3.2005 जिसके द्वारा राजस्थान काश्तकारी (सरकार) नियम, 1955 में संशोधन किया गया है।

(7) अधिसूचना संख्या प.6(51)राज-6/2001/10 दिनांक 6.4.2005 जिसके द्वारा राजस्थान भू-राजस्व (ग्रामीण क्षेत्रों मे कृषि भूमि का अकृषि संपरिवर्तन) नियम,1992 मे संशोधन किया गया है।

(8) अधिसूचना संख्या प.5(1)राज-6/2001/11 दिनांक 12.4.2005 जिसके द्वारा राजस्थान अभिधृति (सरकार) नियम, 1955 में संशोधन किया गया है।

(9) अधिसूचना संख्या प6.(13)राज-6/91 पार्ट1/12 दिनांक 3.5.2005 जिसके द्वारा विभागीय आदेश संख्या प.5(109)/राज/बी/60 दिनांक 20.7.1963 मे संशोधन किया गया है ।

(10) अधिसूचना संख्या प.9(2)राज-6/2005/13 दिनांक 7.5.2005 जिसके द्वारा सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर बकाया राशि वसूली के संबंध मे शक्तियां प्रदान की गई हैं।

(11) अधिसूचना संख्या प.6(51)राज-6/2001/14 दिनांक 16.5.2005 जिसके द्वारा राजस्थान भू-राजस्व (ग्रामीण क्षेत्रों मे कृषि भूमि का अकृषिक प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तन) नियम, 1992 में संशोधन किया गया है।

(12) अधिसूचना संख्या–प.6(5)राज-6/96 पार्ट/18 दिनांक 13.6.2005 जिसके द्वारा राजस्थान भू-राजस्व (निष्क्रान्त कृषि भूमि का स्थाई आबंटन) नियम.1963 मे संशोधन किया गया है।

(13) अधिसूचना संख्या प.9(4)राज-6/2005/20 दिनांक 8.8.2005 जिसके द्वारा जिला परिषदों में कार्यरत अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को उनके क्षेत्राधिकार के भीतर राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अंतर्गत बकाया राशि वसूली की शक्यिां प्रदान की गई हैं।

उपनिवेशन विभाग

(1) अधिसूचना संख्या प.4(1)उप/2001 दिनांक 13.5.2005 जिसके द्वारा राजस्थान उपनिवेश (इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र में राजकीय भूमि का आबंटन एवं विक्रय) नियम, 1975 मे संशोधन किया गया है।

(2) अधिसूचना संख्या प.4(3)उप/99 दिनांक 14.5.2005 जिसके द्वारा राजस्थान उपनिवेशन (गंगनहर क्षेत्र में भूमि का स्थायी आबंटन तथा विक्रय) नियम, 1956 मे संशोधन किया गया है।

डा. बुलाकीदास कल्ला : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि एफ.आई.आर. कल क्यों लोज की गई? क्या इसकी सी.बी.आई. से जांच कराने की मंशा हैं? (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आपके प्रतिपक्ष के नेता बोल रहे हैं। प्रतिपक्ष के नेता बोल रहे हैं। आप क्यों खड़े हैं? प्रतिपक्ष के नेता बोल रहे हैं, आप क्यों आ गये अन्दर। आप वैल में क्यों आ गये? प्रतिपक्ष के नेता बोल रहे हैं। (व्यवधान)

(सदन के कूप में कांग्रेस के माननीय सदस्यों का आगमन)

श्री शंकर सिंह राजपुरोहित : ....कांग्रेस गुण्डागर्दी के लिए बदनाम है, विख्यात है और एक-एक नेता की मेरे पास पुख्ता रिपोर्ट है कि ये कितने बड़े फंसे हुए हैं। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : आपको वक्तव्य नहीं सुनना है? (व्यवधान) गृह विभाग से संबंधित मामला है। गृह विभाग से संबंधित मामला है। गृह विभाग के मंत्रीजी देंगे। गृह मंत्रीजी देंगे। माननीय गृह मंत्रीजी पहले वक्तव्य देंगे। (व्यवधान)

श्री महावीर प्रसाद जैन : कभी भी दे सकती है स्टेटमेंट सरकार सुओमोटो।

श्री अध्यक्ष : माननीय गृह मंत्रीजी, कृपया वक्तव्य दें।

शासकीय वक्तव्य

हिन्दी दैनिक 'महका भारत' में मंत्री पर लगाये कथित आरोपों के संबंध में

श्री गुलाब चन्द कटारिया (गृह मंत्री) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं, आपकी आज्ञा से, "हिन्दी दैनिक महका भारत" में दिनांक 21.09.2005 को काबिना मंत्री के कुकर्म में पुलिस ने पर्दा डाला शीर्षक से समाचार छपा था।

(सदन के कूप में कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा नारेबाजी)

इस समाचार में किसी एक काबिना मंत्री पर जिस्मफरोशी तथा सामूहिक बलात्कार का आरोप मुख्यतः लगाया गया। समाचार की गम्भीरता को देखते हुए अति. महानिदेशक पुलिस अपराध को इसकी जांच कर सत्यता पता करने के निर्देश दिये गये। श्री लियाकत अली खां, पुलिस महानिरीक्षक (आर्थिक एवं विशेष अपराध) के द्वारा इस प्रकरण की जांच की गई जिसकी अंतरिम रिपोर्ट दिनांक 24.09.2005 को प्रस्तुत हुई।

समाचार में छपे संवाद के सम्बन्ध में महका भारत के प्रधान सम्पादक से एवं मालिक श्री भीमसेन गर्ग से इस सम्बन्ध में पूछा गया तो उन्होंने अपने बयान में कोई भी सूचना देने से मना कर दिया क्योंकि वे अपने सूत्रों को उजागर नहीं करना चाहते थे। अतः समाचार के प्रकाशन का आधार व सूत्र का उस समय पता नहीं चल पाया।

(सदन के कूप में कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा नारेबाजी)

समाचार में इस महिला को चेहरा ढंका हुआ था तथा उसके साथ एक महिला कांस्टेबल का फोटो छपा था जिसका नाम रेखा शर्मा था। रेखा शर्मा ने चेहरा ढकी हुई महिला को श्रीमती विनिता सैनी पत्नी श्री वेदप्रकाश सैनी के रूप में पहचाना और बताया कि विनिता उसके पति वेदप्रकाश एवं दो लड़कियों शबनम एवं ज्योति एवं एक व्यक्ति सुरेश शर्मा को 10 जून, 2005 को अभियोग संख्या 164/05 अन्तर्गत धारा 3, 4, 5, 7 एवं 8 प्रिवेन्शन आफ इम्मोरल ट्रैफिक एक्ट के तहत पुलिस थाना श्याम नगर में गिरफ्तार किया गया था तथा इनका तीन दिन का पुलिस हिरासत रिमांड प्राप्त किया गया था।

(श्री गुलाब चन्द कटारिया)

पुलिस थाने में हिरासत के दौरान श्रीमती विनिता सैनी एवं उसके पति से विभिन्न समाचार पत्रों एवं टी.वी. चैनलों के संवाददाताओं ने वार्ता की थी। अखबार में छपी खबर किस टी.वी. चैनल के माध्यम से आई है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। परन्तु दिनांक 26-9-2005 को महका भारत में प्रथम पृष्ठ पर "पत्नी से वैश्यावृत्ति कराने वाले वेदप्रकाश सैनी के 12 जून को श्याम नगर थाने में दिये गये बयान के अंश" प्रकाशित होने पर जांच से यह बात स्पष्ट हुई थी कि स्टार न्यूज में सनसनी व रैड अलर्ट के संवाददाता श्री पुरुषोतम वैष्णव तथा आज तक के संवाददाता शरद द्वारा विनिता सैनी एवं उसके पति का साक्षात्कार 11/12 जून, 2005 को लिया गया था।....

श्री अध्यक्ष : माननीय गृह मंत्रीजी, एक बार आप अपना स्थान ग्रहण करें।

श्री गुलाब चन्द कटारिया : इस संबंध में सनसनी एवं रैड अलर्ट के संवाददाता पुरुषोत्तम वैष्णव के बयान जांच अधिकारी ने लेखबद्ध दिनांक 26.09.2005 को किये।...

श्री अध्यक्ष : माननीय गृह मंत्रीजी, एक बार आप स्थान ग्रहण करें।

श्री गुलाब चन्द कटारिया : .....श्री पुरुषोत्तम वैष्णव ने अपने बयान में बताया कि उसने श्री वेदप्रकाश एवं उनकी पत्नी दोनों से बातचीत वीडियो कैमरा के सामने की थी।..

(कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा सदन के कूप में नारेबाजी)

श्री अध्यक्ष : मैं आपको कह रही हूं, आप बात सुनिये। गृह मंत्रीजी को जो कुछ कहना है, वह गृह मंत्रीजी का वक्तव्य आने दीजिये। उसके बाद में आपकी कोई शंकाएं हों तो मैं आपको मौका दूंगी उनके ऊपर कुछ कहने का, लेकिन आप गृह मंत्रीजी का वक्तव्य तो सुनें, वह तो सुनें आप। (व्यवधान) आप कर रहे हैं अब लोकतंत्र की हत्या तो।

श्री गुलाबा चन्द कटारिया : ...साक्षात्कार के दौरान वेदप्रकाश एवं उसकी पत्नी में कहा-सुनी हो गई थी व वेदप्रकाश ने अपनी पत्नी को ये कहा था, "तू ज्यादा सती सावित्री बनती है, मैं तुझे इतना बदनाम कर दूंगा कि तू मुंह दिखाने के लायक नहीं रहेगी।" वेदप्रकाश ने अपने बयान में बार-बार संवाददाताओं द्वारा ये पूछने पर कि कौन-कौन बड़े नेता लोग आते हैं? ये कहा

(श्री गुलाब चन्द कटारिया)

था कि एक बार राजेन्द्र सिंह राठौड़ के पी.ए. बताकर किसी का फोन आया था तथा तब रामगढ़ रोड़ पर उसने अपनी पत्नी को भेजा था। वेदप्रकाश ने यह भी बताया था कि उसकी पत्नी के साथ मारपीट हो गई थी व एक-दो व्यक्तियों के बजाय तीन-चार व्यक्ति हो गये थे। तब वेदप्रकाश उसे बचाने गया था। पुरुषोत्तम वैष्णव ने यें बताया कि जब वेदप्रकाश ने राजेन्द्र राठौड़ का नाम लिया, तब उसकी पत्नी विनिता सैनी चिल्लाकर बोली थी कि ये झूठ बोल रहा है, ऐसा कुछ नहीं हुआ, ये गलत बात है। वेदप्रकाश ने बाद में यह भी स्पष्ट किया कि वह राजेन्द्र राठौड़ के पी.ए. को नहीं जानता है, फोन उसके पास नहीं बल्कि बजरंग के पास आया है। इस साक्षात्कार के बाद श्री पुरुषोत्तम वैष्णव एवं श्री शरद के बीच आपस में विचार-विमर्श हुआ और उन्होंने ये निष्कर्ष निकाला कि मंत्री एवं उसके पी.ए. पर वेदप्रकाश अनर्गल आरोप लगा रहा है, जिसका उसकी पत्नी ही खण्डन कर रही है। अतः उन्होंने अपनी टी.वी. कवरेज में इस भाग को कवर नहीं करते हुए प्रसारण किया। यह उल्लेखनीय है कि श्रीमती विनिता सैनी ने जांच के दौरान दिये गये अपने बयानों में भी इस बात की पुष्टि है कि संवाददाताओं के समक्ष उसके पति द्वारा श्री राजेन्द्र राठौड़ व उनके पी.ए. का नाम लेने पर उसने उसका खण्डन तुरन्त किया था। (व्यवधान)

(सदन के कूप में कांग्रेस के माननीय सदस्यों द्वारा नारेबाजी)

(प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी जारी)

पूर्व पैराग्राफ में वर्णित तथ्यों से यह स्पष्ट है कि श्री वेदप्रकाश द्वारा संवाददाताओं के समक्ष श्री राजेन्द्र राठौड़ के बारे में कही गई बात का उसकी पत्नी ने तत्काल खण्डन किया था। इस प्रकार समाचार पत्र में लगाये गये उक्त आरोप निराधार एवं तथ्यों के विपरीत हैं। जांच के दौरान श्रीमती विनिता सैनी पत्नी श्री वेदप्रकाश, वेदप्रकाश, बजरंगलाल, सरदार सिंह, विजय सिंह एवं रामप्रकाश गुप्ता से पूछताछ कर उनके बयान लेखबद्ध किये गये।

श्रीमती [illegible] सैनी ने बताया कि [illegible] का पति उसे [illegible] रूप से प्रताड़ित करता [illegible] उसे [illegible] वेश्यावृत्ति कराता था। [illegible] 2005 में उसके पति से [illegible] बजरंगलाल [illegible] व्यक्ति ने एक महिला का प्रबन्ध

वैश्यावृत्ति के लिए करने को कहा था। उसके पति ने उसको रामगढ़ रोड़ पर स्थित किसी होटल में तीन हजार रुपये का लेनदेन तय करके भेजा था। होटल में एक व्यक्ति ने उसके साथ कुकर्म किया। बाद मे दो-तीन अन्य व्यक्ति भी उसका देह शोषण करना चाहते थे परन्तु उसने उसका विरोध किया तो उसके साथ मार-पीट की गयी। उसने अपने पति को मोबाइल से बात होने पर सूचित किया। उसका पति व बजरंगलाल वहां पर आये तथा उनको उसने पूरी घटना से अवगत कराया। उसका पति अन्य व्यक्तियों के साथ भी कुकर्म करने के लिए उसके ऊपर दवाब डाल रहा था परन्तु वो तैयार नहीं हुई। इसके पश्चात वह अपने पति एवं बजरंग के साथ वापस आ गयी। इस घटना की रिपोर्ट उन्होंने किसी भी थाने में उस समय, उसके पश्चात आज तक नहीं की। श्रीमती विनिता सैनी ने दैनिक महका भारत में छपा समाचार सुनाये जाने पर इस प्रकार की किसी भी घटना से अनभिज्ञता जाहिर करी तथा यह स्पष्ट रूप से कहा था कि वो कभी भी किसी मंत्री या उसके पी.ए. के पास नहीं गयी। उसने ये भी बताया कि जब श्याम नगर थाने में संवाददाताओं के सामने उसके पति ने राजेन्द्र राठौड़ व उसके पी.ए. का नाम लिया तब उसने चिल्लाकर बोला था उसका पति झूठ बोल रहा है।

श्री वेदप्रकाश ने अपने बयानों में बताया कि मार्च के महीने में बजरंगलाल नाम के व्यक्ति ने उससे एक महिला का प्रबन्ध करने को कहा था इसके लिए तीन हजार रुपये तय हुए थे। उसने अपनी पत्नी को रामगढ़ रोड स्थित होटल में भेजा था। रामगढ़ रोड स्थित होटल से जब उसकी पत्नी निर्धारित समय 5.00 बजे तक वापिस नहीं आयी तब उसने अपनी पत्नी एवं बजरंगलाल से टेलीफोन से सम्पर्क किया। उसकी पत्नी ने रोते हुए वहां पर मौजूद व्यक्तियों द्वारा उसके साथ मारपीट एवं जबरदस्ती करना बताया। इस पर वह बजरंगलाल के साथ मोटरसाइकिल से जमवारामगढ़ स्थित आरटीडीसी होटल पर गया। वहां पर चार व्यक्ति मौजूद थे जिनमें से एक को बजरंगलाल ने राजेन्द्र राठौड़ का पी.ए. बताया था तथा एक अन्य व्यक्ति ने गुप्ताजी व एक ने स्वयं को जे.ईएन. बताया था। उसकी पत्नी ने रोकर उसके साथ हुई घटना का वर्णन किया। इस पर वह उसकी पत्नी वापस जयपुर आ गये। इस घटना की कोई भी रिपोर्ट आज तक किसी भी थाने में उन्होंने दर्ज

(श्री गुलाब चन्द कटारिया)

नहीं करायी। उसने ये भी बताया कि इस घटना में श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ और उसके पी.ए. का कोई हाथ नहीं है। उसने तो बजरंग के कहने से एक आदमी को राजेन्द्र राठौड़ का पी.ए. समझा था। राजेन्द्र सिंह राठौड़ व उनके पी.ए. के सम्पर्क में वह कभी नहीं आया। समाचार पत्र में छपी हुई खबर गलत है।

बजरंगलाल ने उपरोक्त घटनाक्रम की पुष्टि की है तथा अपने बयानों में यह बताया है कि श्री सरदार सिंह जो डेयरी का ट्रांसपोर्टेशन का काम करता है, न उससे बाबूलाल मीणा नामक व्यक्ति के मार्फत एक लड़की का प्रबंध करने के लिए सम्पर्क किया था। उसने वेदप्रकाश से सरदार सिंह को श्री राजेन्द्र राठौड़ का पी.ए. बताया था जबकि वास्तव में वो डेयरी का ट्रांसपोर्टेशन का काम करता था। उसने यह भी बताया कि जमवारामगढ़ स्थित होटल में श्री सरदार सिंह के अलावा श्री रामप्रकाश गुप्ता, श्री विजय सिंह मीणा व एक आरटीडीसी का कर्मचारी बद्रीनारायण मौजूद थे। इन लोगों ने विनिता के साथ जोर जबरदस्ती कर मारपीट की।

श्री रामप्रकाश गुप्ता, श्री विजय सिंह, श्री सरदार सिंह ने अपने बयानों में अपनी गलती स्वीकार की तथा विनिता को देह शोषण के लिए जमवारामगढ़ स्थित आरटीडीसी होटल में ले जाने की पुष्टि की है। उसी दिन बाद में श्री सरदार सिंह ने बजरंग लाल व वेदप्रकाश से मोबाइल पर बात की थी तथा पुलिस में रिपोर्ट नहीं करने हेतु प्रार्थना एवं प्रलोभन दिया था। वेदप्रकाश ने ये कहा था कि वह स्वयं व उसकी पत्नी कोई रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं करायेंगे। जब स्वयं पीड़िता एवं उसके पति ने ही स्वयं किसी प्रकार की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज नहीं कराने का निर्णय कर लिया था तब किसी अन्य व्यक्ति का हस्तक्षेप या रफा-दफा करना युक्तियुक्त एवं तर्कसंगत नहीं है।

इस घटनाक्रम से संबंधित सभी पहलुओं पर जांच करने से स्पष्ट है कि महका भारत अखबार में दिनांक 21 और 26 को प्रकाशित समाचार में मंत्री के संबंध में जिस घटनाक्रम का वर्णन किया गया है वह घटनाक्रम घटित ही नहीं हुआ। [illegible] राठौड़ के ऊपर उक्त घटना के संबंध में लगाये गये आरोप निराधार और [illegible] हैं। वास्तव में [illegible] घटना का उल्लेख समाचार पत्र में [illegible] एवं [illegible] है जिसका श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ से कोई संबंध नहीं [illegible]

(श्री गुलाब चन्द कटारिया)

श्रीमती विनिता सैनी के साथ माह मार्च में उसके पति वेदप्रकाश एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा शारीरिक शोषण कराने के लिए बाध्य करने के संबंध में जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना जमवारामगढ़ में पीटा एक्ट की धारा 5 और 6 के तहत प्राथमिकी दिनांक 26.09.2005 को दर्ज करके अनुसंधान सी.आई.डी. (सी.बी.) के अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप मोहन द्वारा किया जा रहा है। यह प्राथमिकी (1) वेद प्रकाश पुत्र बाबूलाल, (2) श्री रामप्रकाश गुप्ता पुत्र श्री जगन्नाथ गुप्ता, (3) श्री सरदार सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह, (4) श्री विजय सिंह पुत्र श्री राजूराम मीणा, (5) श्री बजरंग लाल पुत्र मोहन लाल एवं (6) श्री बाबूलाल मीणा के विरुद्ध पंजीबद्ध की गई। होटल के कर्मचारी बद्रीनारायण के संबंध में अनुसंधान जारी है। वेदप्रकाश, रामप्रकाश, सरदारसिंह, विजयसिंह, बजरंगलाल को दिनांक 26.09.2005 को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष अनुसंधान जारी है। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (संसदीय कार्य मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं गत चार विधानसभाओं से इस पवित्र सदन का सदस्य रहा हूं तथा छात्र राजनीति से राजनैतिक जीवन में आया हूं...

श्री अध्यक्ष : आप जिस इश्यू को लेकर के यहां खड़े हैं, मंत्रीजी बोल रहे हैं, आप स्थान पर चले जाइये।

श्री राजेन्द्र राठौड़ : इस सदन के अन्दर विभिन्न भूमिकाओं में मैंने काम किया है, सरकार के मंत्री के रूप में, विधायक के रूप में, उप मुख्य सचेतक के रूप में और प्रतिपक्ष के सचेतक के रूप में भी मैंने काम किया है।

श्री अध्यक्ष : आप अपने स्थान पर जाओ, मंत्रीजी बोल रहे हैं। मंत्रीजी बोलना चाह रहे हैं।

श्री राजेन्द्र राठौड़ : यह मेरा दुर्भाग्य है कि आज मुझे एक ऐसे विषय पर बोलना पड़ रहा है जिस विषय का संबंध मेरे से दूर-दूर तक नहीं है। अध्यक्ष महोदय, इस पीत पत्रकारिता के कारण जिस तरह के आरोप इस सदन में लगाकर बिना मुझे नोटिस दिये जिस तरह के आरोप लगाये गये जिसकी विस्तृत जांच हो गई और जांच के पश्चात यह सिद्ध हो गया कि मेरा इससे कोई संबंध नहीं, अध्यक्ष महोदय, उसके पश्चात भी मैंने मुख्य मंत्रीजी को कहा है और मैं प्रतिपक्ष के सदस्यों से भी कहना चाहता हूं, राजस्थान की पुलिस

(श्री राजेन्द्र राठौड़)

के अन्दर जितने भी कर्मी हैं वह चाहे जिससे जांच करवा लें, अगर मैं दोषी साबित होता हूं तो मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं और यह जिस तरह की बातें कर रहे हैं, जिस तरह की पीत पत्रकारिता करके मेरी छवि को धूमिल करना चाहते हैं, अध्यक्ष महोदय, इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं, इस पवित्र सदन का उपयोग जिस ओछी राजनीति के लिए करना चाहते हैं और मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जो रिपोर्ट अब यह सदन में गृह मंत्रीजी ने प्रस्तुत की है, जो जांच हुई है, जांच में मैं बिलकुल निर्दोष हूं, यह मेरा चरित्र हनन करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए, अध्यक्ष महोदय, मुझे आपके संरक्षण की आवश्यकता है। मैं चाहता हूं, इस विषय पर कोई तथ्य इनके पास होते तो जवाब देते, बहस करते। कोई तथ्य इनके पास हैं नहीं और झूठे आरोप लगाकर यह जिस तरह का षड्यंत्र कर रहे हैं अध्यक्ष महोदय, यह पवित्र सदन का अपमान है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : श्री प्रभुलाल सैनी । (व्यवधान) मंत्री महोदय, समय पर, आदत डालिए आप अपने समय पर आने की, हां। (व्यवधान) अधिसूचना, अधिसूचना।

सदन पटल पर रखे गये पत्र

अधिसूचनाएं

पशुपालन विभाग

श्री प्रभुलाल सैनी (पशुपालन मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं अधिसूचना संख्या-प.2(5)वपा/03 दिनांक 3.9.2005 जिसके द्वारा राजस्थान पशु चिकित्सा परिषद का गठन किया गया है, सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री वीरेन्द्र मीणा।

वित्त विभाग

श्री वीरेन्द्र मीणा (राज्य मंत्री, वित्त) : अध्यक्ष महोदय, मैं कार्यसूची में किये गये उल्लेख के अनुसार वित्त विभाग की 5 अधिसूचनाएं सदन की मेज पर रखता हूं।

(श्री वीरेन्द्र मीणा)

1. अधिसूचना संख्या-प.4(67)वित्त/कर/2005-151 दिनांक 5.2.2005 जिसके द्वारा सिगरेट्स, चेरूट्स, सिगार्स और सिगारिलोस को दिनांक 21.1.2005 से 4.2.2005 तक की अवधि के लिए कर में सशर्त छूट प्रदान की गई है।

2. अधिसूचना संख्या-प.4(67)वित्त/कर/2005-152 दिनांक 5.2.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या–प.4(12)वित्त/कर-अनु/2001-51 दिनांक 29.3.2001 को विखण्डित किया गया है।

3. अधिसूचना संख्या-प.2(26)वित्त/कर/98-153 दिनांक 10.2.1005 जिसके द्वारा स्टेट वूलन मिल्स, बीकानेर के हस्तान्तरण/विक्रय के संबंध में राज्य सरकार की ओर से रीको के पक्ष में निष्पादित हस्तान्तरण पत्र/कन्वेन्स डीड पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क का परिहार किया गया है।

4. अधिसूचना संख्या-प.4(58)वित्त/कर/2004-154 दिनांक 10.2.2005 जिसके द्वारा जैवीय प्रौद्योगिकी नीति, 2004 के अंतर्गत बायोटैक्नोलाजी इकाई को समस्त माल व पूंजीगत माल पर प्रवेश कर में सशर्त छूट प्रदान की गई है।

5. अधिसूचना संख्या-प.1(2)वित्त/कर/2003-155 दिनांक 10.2.2005 जिसके द्वारा राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 के अंतर्गत शाखा प्रमुख यू.टी.आई. बैंक, उदयपुर को प्रोपर आफिसर नियुक्त किया गया है।

6. अधिसूचना संख्या-प.10(47)वित्त/कर/93-156 दिनांक 10.2.2005 जिसके द्वारा दिनांक 10.1.2005 से 24.1.2005 तक "शिक्षा आपके द्वार बाल फिल्मोत्सव" में कतिपय फिल्मों के 67 प्रिंटों का राज्य के सिनेमागृहों में किये गये निःशुल्क प्रदर्शनों का मनोरंजन कर से परिहार किया गया है।

7. अधिसूचना संख्या-प.4(43)वित्त/कर/2002-157 दिनांक 14.2.2005 जिसके द्वारा टी.डी.पी.एस. कार्यक्रम के तहत गरीबी रेखा के नीचे (बी.पी.एल.) के परिवारों को वितरित की गई लेवी चीनी को प्रवेश कर से मुक्त किया गया है।

(श्री वीरेन्द्र मीणा)

8. अधिसूचना संख्या-प.2(11)वित्त/कर/2003-158 दिनांक 14.2.2005 जिसके द्वारा स्टाम्प ड्यूटी की एमनेस्टी योजना जारी की गई है।

9. अधिसूचना संख्या–प.10(15)वित्त/कर/2004-159 दिनांक 14.2.2005 जिसके द्वारा "तीतरी" फिल्म को एक वर्ष की अवधि के लिए मनोरंजन कर, अतिरिक्त मनोरंजन कर में सशर्त छूट प्रदान की गई है।

10. अधिसूचन संख्या-प4(5)वित्त/कर/2003-पार्ट-1-160 दिनांक 14.2.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.4(5)वित्त/कर/2003-पार्ट-1-82 दिनांक 22.7.2004 को अतिष्ठित करते हुए मै. एन.एम. सदगुरू वाटर एण्ड डवलपमेंट फाउंडेशन, दाहोद को कतिपय योजनांतर्गत प्रोजेक्ट्स को लागू करने के लिए क्रय किये गये माल पर कर में छूट प्रदान की गई है।

11. अधिसूचना संख्या-प.1(12)वित्त/कर/97-पार्ट-1-161 दिनांक 15.2.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या–प.1(12)वित्त/कर/97 दिनांक 23.2.1998 में संशोधन किया गया है।

12. अधिसूचना संख्या-प.2(43)वित्त/कर/2004-162 दिनांक 16.2.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.1(12)वित्त/कर/97 दिनांक 23.2.1998 में संशोधन किये गये है।

13. अधिसूचना संख्या- प.2(43)वित्त/कर/2004-163 दिनांक 16.2.2005 जिसके द्वारा पंजीयन उप जिला नगर (भरतपुर), किशनगढ़बास (अलवर), पीलीबंगा (हनुमानगढ़) में पंजीयन कार्य करने के लिए संबंधित तहसीदार को उप पंजीयक घोषित किया गया तथा उक्त स्थानों पर पूर्णकालीन उप पंजीयक कार्यालयों को समाप्त करते हुए इनके स्थान पर नवसृजित पंजीयन उप जिला जयपुर-सप्तम, जयपुर-अष्ठम एवं उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय में पदस्थापित पूर्णकालिक उप पंजीयक को पंजीयन की शक्तियां प्रदान की गई हैं।

14. अधिसूचना संख्या-प.4(6)वित्त/कर/200[illegible]-पार्ट-I [illegible] I-164 दिनांक 18.2.2005 जिसके द्वारा अधि[illegible]न संख्या–प.4(6)वित्त/कर-अनु[illegible]3-पार्ट-29 दिनांक 28.[illegible].200[illegible] में संशोधन किया गया है।

(श्री वीरेन्द्र मीणा)

15. अधिूसचना संख्या-प.2(26)वित्त/कर/98-165 दिनांक 24.2.2005 जिसके द्वारा राजस्थान स्टेट बैवरेजस कोरपोरेशन लि. के गठन के संबंध में निष्पादित समस्त लेख पत्रों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क का परिहार किया गया है।

16. अधिसूचना-प.43(4)वित्त/कर/2005-166 दिनांक 26.2.2005 जिसके द्वारा "ब्लैक" फिल्म को अधिसूचना जारी होने की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक प्रदर्शन करने पर मनोरंजन कर में छूट प्रदान की गई है।

17. अधिसूचना संख्या-प.10(3)वित्त/कर/95-167 दिनांक 5.3.2005 जिसके द्वारा "पिंजर" फिल्म के दिनांक 6.3.2005 को एक शो के राजमंदिर सिनेमा में प्रदर्शन हेतु मनोरंजन कर से छूट प्रदान की गई है।

18. अधिसूचना संख्या-प.4(78)वित्त/कर/2004-168 दिनांक 16.3.2005 जिसके द्वारा कच्चे माल (फ्लाई ऐश) से निर्मित एस्बेस्टोस शीट्स और ईंटों की बिक्री को आर.एस.टी. से निर्धारित शर्तों के अधीन छूट प्रदान की गई है।

19. अधिसूचना संख्या-प.4(78)वित्त/कर/2004-169 दिनांक 16.3.2005 जिसके द्वारा राज्य में स्थित इकाई द्वारा एस्बेस्टोस शीट्स व ईंटों के विक्रय कर (फ्लाई ऐश को कच्चा माल लेने पर) 7 वर्ष तक 1 प्रतिशत की दर से सी.एस.टी. संगणित किया गया है।

20. अधिसूचना संख्या-प.4(78)वित्त/कर/2004-170 दिनांक 16.3.2005 जिसको द्वारा नई इकाईयों को कच्चे माल के क्रय पर 75 प्रतिशत तक विक्रय कर में सशर्त छूट प्रदान की गई है।

21. अधिसूचना संख्या-प.4(78)वित्त/कर/2004-171 दिनांक 16.3.2005 जिसके द्वारा सभी नई इकाईयों को 75 प्रतिशत प्रवेश कर दायित्व में छूट दी गई है जो कि निर्यात किया गया सम्पूर्ण माल निर्माता द्वारा कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त किया गया हो।

22. अधिसूचना संख्या-प.43(1)वित्त/कर/2005-172 दिनांक 18.3.2005 जिसके द्वारा "आबरा का डाबरा" फिल्म को मनोरंजन कर से 6 माह के लिए परिहार किया गया है।

(श्री वीरेन्द्र मीणा)

23. अधिसूचना संख्या-प.16(3)वित्त/कर/2004-173 दिनांक 19.3.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.16(3)वित्त/कर/2004-104 दिनांक 8.4.2004 में संशोधन किया गया है।

24. अधिसूचना संख्या-प.4(67)वित्त/कर/2004-228 दिनांक 31.3.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.4(67)वित्त/कर/2004-56 दिनांक 12.7.2004 में संशोधन किया गया है।

25. अधिसूचना संख्या-प.2(4)वित्त/कर/2003-1 दिनांक 2.4.2005 जिसके द्वारा राज्य में "प्रशासन आपके द्वार" अभियान 2004 के दौरान आयोजित शिविर स्थल पर दस्तावेजों के पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये जिन पंजीयन उप जिलों में पूर्णकालीन उप पंजीयक नियुक्त है, वहां पर पदस्थापित तहसीलदार/नायब तहसीलदार को उक्त अभियान के दौरान शिविर स्थल पर पंजीयन कार्य सम्पादित करने के लिए उप पंजीयक घोषित किया गया है।

26. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-2 दिनांक 4.4.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-174 दिनांक 24.3.2005 में संशोधन किया गया है।

27. अधिसूचना संख्या-प.2(57)/वित्त/कर/2004-3 दिनांक 5.4.2005 जिसके द्वारा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को बस स्टैण्ड के प्रयोजनार्थ ग्रामीण विकास संस्थान (लक्ष्मणगढ़) अलवर को 63486 वर्गफुट भूमि के दान विलेख पर स्टाम्प शुल्क 8 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत वसूल करने की स्वीकृति जारी की गई है।

28. अधिसूचना संख्या-प.4(38)वित्त/कर/2003-4 दिनांक 12.4.2005 जिसके द्वारा माता वैष्णों देवी मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु श्री माता वैष्णो देवी श्रीन बोर्ड, कटरा, जम्मू एण्ड कश्मीर को बेचे गये/क्रय किये गये 30 लाख रुपये तक के मार्बल तक के मार्बल को कर में सशर्त छूट प्रदान की गई है।

29. अधिसूचना संख्या-प.4(69)वित्त/कर/2002-5 दिनांक 15.4.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.4(6)वित्त/कर-अनु/2003-पार्ट-47 दिनांक 29.5.2003 में संशोधन किया गया है।

(श्री वीरेन्द्र मीणा)

30. अधिसूचना संख्या-प4(78)वित्त/कर/2004-6 दिनांक 16.4.2005 जिसके द्वारा नये प्रोजेक्टों को अधिसूचना में सलंग्न सूची अनुसार उनके विनियोगों की सीमा तक स्वनिर्मित ऊर्जा को अधिसूचना में उल्लेखित सीमा तक छूट दी गई है।

31. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-7 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-174 दिनांक 24.3.2005 में संशोधन किया गया है।

32. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-8 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-210 दिनांक 24.3.2005 में संशोधन किया गया है।

33. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-9 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-211 दिनांक 24.3.2005 में संशोधन किया गया है।

34. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-10 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.4(4)वित्त/कर-अनु/99-265 दिनांक 20.1.2000 को विखण्डित किया गया है।

35. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-11 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या- प.12(20)वित्त/कर/2005-188 एवं 189 दिनांक 24.3.2005 को विखण्डित किया गया है।

36. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-12 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा एक एयरलाइन्स को, जो राज्य में एच.यू.बी. स्थापित करती है, विक्रय किये गये एवीएशन स्प्रिट को 5 प्रतिशत की दर के आधिक्य को कर मुक्त किया गया है।

37. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-13 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा राज्य से प्रारम्भ हुई किसी भी अंतरराष्ट्रीय उडानों को एविएशन स्प्रिट विक्रय किये जाने पर 9 प्रतिशत से अधिक की दर को तुरन्त प्रभाव से कर मुक्त किया गया है।

(श्री वीरेन्द्र मीणा)

38. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-14 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा किसी भी ओवरसीज चार्टर्ड फ्लाइट को विक्रय किये गये एविएशन स्प्रिट को 9 प्रतिशत की कर दर को तुरन्त प्रभाव से कर मुक्त किया गया है।

39. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-15 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा एयरलाइन्स को विक्रय किये गये एविएशन स्प्रिट को उसकी अधिसूचित दर के दो तिहाई से अधिक भाग को अधिसूचना में सशर्त छूट प्रदान की गई है।

40. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-16 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा एक एयरलाइन्स को विक्रय किये गये एविएशन स्प्रिट को उसकी अधिसूचित दर के 50 प्रतिशत से अधिक भाग को सशर्त कर में छूट प्रदान की गई है।

41. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-17 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा एयर इण्डिया का इण्डियन एयरलाइन्स को राज्य से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 14 प्रतिशत से अधिक दर को उनको विक्रय किये गये एविएशन स्प्रिट को कर मुक्त किया गया है।

42. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-18 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा राजस्थान विक्रय कर नियम, 1995 के नियम 23(2) में संशोधन किया गया है।

43. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-19 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा चावल के विक्रय को कर दर 1 प्रतिशत से अधिक को राजस्थान विक्रय कर से सशर्त कर मुक्त किया गया है।

44. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-20 दिनांक 20.4.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-174 दिनांक 24.3.2005 में संशोधन किया गया है।

45. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005-21 दिनांक 21.4.2005 जिसके द्वारा चावल के विक्रय को 1 प्रतिशत से अधिक के कर को केन्द्रीय विक्रय कर से सशर्त छूट दी गई है।

(श्री वीरेन्द्र मीणा)

46. अधिसूचना संख्या-प.11(1)वित्त/कर/2004-22 दिनांक 4.5.2005 जिसके द्वारा राजस्थान स्टेट कॉपरेटिव स्पिनिंग एण्ड जिनिंग मिल फैडरेशन (स्पिनफैड) द्वारा देय विद्युत शुल्क में सशर्त छूट प्रदान की गई है।

47. अधिसूचना संख्या-प.1(12)वित्त/कर/97 पार्ट-23 दिनांक 5.5.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.1(12)वित्त/कर-अनु/97 दिनांक 23.2.1998 में संशोधन किया गया है।

48. अधिसूचना संख्या-प.4(102)वित्त/कर-अनु/2004-24 दिनांक 17.5.2005 जिसके द्वारा मै. समटेल कॉलर लि. द्वारा पिक्चर टयूब्स के विक्रय के संबंध में (राज्य में व्यापार होने की दशा में) सशर्त केन्द्रीय विक्रय कर की दर 1 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

49. अधिसूचना संख्या-प.16(3)वित्त/कर/2004-25 दिनांक 19.5.2005 जिसके द्वारा जोधपुर, अलवर व भीलवाड़ा संभाग में आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग को संविदा के आधार पर कर संग्रहण किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

50. अधिसूचना संख्या-प.5(1)वित्त/कर-अनु/05-26 दिनांक 19.5.2005 जिसके द्वारा राजस्थान कर बोर्ड अजमेर में रिक्त पद के विरुद्ध तीन वर्ष के लिए (अधिवार्षिकी आयु की शर्त पर) श्री गुरूचरण सिंह होरा, आर.एच.जे.एस. को सदस्य नियुक्त किया गया है।

51. अधिसूचना संख्या-प.2(26)वित्त/कर/98-27 दिनांक 28.5.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.2(26)वित्त/कर/98-14 दिनांक 9.6.2004 में संशोधन किया गया है।

52. अधिसूचना संख्या-प.2(26)वित्त/कर/98-28 दिनांक 28.5.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.2(26)वित्त/कर/98-15 दिनांक 9.6.2004 में संशोधन किया गया है।

53. अधिसूचना संख्या-प.2(1)वित्त/कर/94-29 दिनांक 20.6.2005 जिसके द्वारा राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लि. द्वारा वर्ष 2005-06 में प्राइवेट प्लेसमेंट बेसिस पर जारी 120 करोड़ रुपये अपरिवर्तनीय बंधपत्र

(श्री वीरेन्द्र मीणा)

पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क कम किया गया और 0.25 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया गया है।

54. अधिसूचना संख्या-प.43(8)वित्त/कर/2005-30 दिनांक 7.7.2005 जिसके द्वारा फिल्म "पहेली" को अधिसूचना जारी होने की दिनांक से एक वर्ष के लिए 100 प्रतिशत मनोरंजन कर से मुक्त किया गया है।

55. अधिसूचना संख्या-प.2(1)वित्त/कर/2001-31 दिनांक 16.7.2005 जिसके द्वारा वर्ल्ड रिन्युअल स्प्रीच्युल ट्रस्ट, सार्दुलगंज, बीकानेर को नगर विकास न्यास द्वारा आबंटित भूमि पर देय स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान की गई है।

56. अधिसूचना संख्या-प.4(38)वित्त/कर-अनु/2003-32 दिनांक 22.8.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.4(38)वित्त/कर/2003-102 दिनांक 10.9.2004 में संशोधन किया गया है।

57. अधिसूचना संख्या-प.4(109)वित्त/कर/2004-33 दिनांक 22.8.2005 जिसके द्वारा मै. चम्बल पावर लि. कोटा को रंगपुर में 7.5 माइक्रोवेव बायो-मास आधारित पॉवर प्लांट लगाने पर स्वयं के उपयोग में लेने पर अधिसूचना में संलग्न सूची के अनुसार प्रवेश कर में छूट प्रदान की गई है।

58. अधिसूचना संख्या-प.12(20)वित्त/कर/2005 पार्ट-34 दिनांक 22.8.2005 जिसके द्वारा री-रोल्ड प्रोडक्ट्स के निर्माताओं के लिए प्रशमन स्कीम, 2005 जारी की गई है।

59. अधिसूचना संख्या-प.4(77)वित्त/कर-अनु/2004-35 दिनांक 22.8.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.4(55)वित्त/कर-अनु/95-268 दिनांक 24.1.2000 में संशोधन किया गया है।

60. अधिसूचना संख्या-प.12(22)वित्त/कर-अनु/2005-36 दिनांक 23.8.2005 जिसके द्वारा मै. उमा पोलिमर्स लि. को इसके द्वारा निर्मित फ्लेक्सिबल पैकिंग सामान को राज्य में बेचने पर सशर्त केन्द्रीय बिक्री कर की दर 1 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

61. अधिसूचना संख्या-प.7(1)वित्त/कर/2003-37 दिनांक 29.8.2005 जिसके द्वारा अधिसूचना संख्या-प.7(1)वित्त/कर/2003-18 दिनांक 16.[illegible] 200[illegible] में संशोधन किया गया है।

श्री अध्यक्ष : श्री गुलाब चन्द कटारिया, मानव अधिकार आयोग की रिपोर्ट, वार्षिक रिपोर्ट।

प्रतिवेदन एवं लेखे

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग वर्ष 2000-2001, 2001-02 एवं 2002-03

श्री गुलाब चन्द कटारिया (गृह मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 20(2) के अन्तर्गत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2000-2001, 2001-02 एवं 2002-03 सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री घनश्याम तिवाड़ी।

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर का प्रतिवेदन वर्ष 1997-99 एवं 1999-2004

श्री घनश्याम तिवाड़ी (शिक्षा मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर अधिनियम, 1987 के धारा 38 के अन्तर्गत महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-99 एवं 1999-2004 सदन की मेज पर रखता हूं।

राजस्थान वित्त निगम के लेखों की आडिट रिपोर्ट

श्री अध्यक्ष : राजस्थान वित्त निगम का भी आप ही रख दीजिये।

श्री घनश्याम तिवाड़ी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से वित्त अधिनियम, 1951 की धारा 37(7) के अन्तर्गत राजस्थान वित्त निगम के लेखों की आडिट रिपोर्ट वर्षान्त 31 मार्च, 2004 सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री सांवर लाल।

राजस्थान भूमि विकास निगम का 27वां, 29वां एवं 30वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे

श्री सांवर लाल (सिंचाई मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान भूमि विकास निगम अधिनियम, 1975 की धारा 37(9) के अन्तर्गत राजस्थान भूमि

(श्री सांवर लाल)

विकास विकास निगम का 27वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2000-2001, 28वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2001-2002, 29वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2002-2003 एवं 30वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2003-2004 सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री ओम बिरला।

राजस्थान लोक सेवा आयोग का 54वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2003-04

श्री ओम बिरला (संसदीय सचिव) : अध्यक्ष महोदय, मैं भारत के संविधान के अनुच्छेद 323(2) के अन्तर्गत राजस्थान लोक सेवा आयोग का 54वां वार्षिक प्रतिवेदन 2003-04 सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री महावीर प्रसाद जैन ।

समिति का प्रतिवेदन

कार्य सलाहकार समिति का 10 वां प्रतिवेदन

श्री महावीर प्रसाद जैन (सरकारी मुख्य सचेतक) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं कार्य सलाहकार समिति के 10वें प्रतिवेदन का उपस्थापन करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य सलाहकार समिति के दसवें प्रतिवेदन पर अपनी सहमति प्रकट करता है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, कार्य सलाहकार समिति की बैठक सोमवार, दिनांक 26 सितम्बर, 2005 को मध्यान्ह पश्चात 2.45 बजे माननीय अध्यक्ष के वैश्म में हुई। समिति ने दिनांक 27 व 28 सितम्बर, 2005 को सदन में लिये जाने वाले कार्य के विषय में विचार-विमर्श किया। समिति प्रस्ताव करती है कि सदन में लिये जाने वाले कार्य का बंटवार निम्न प्रकार किया जाय :-

मंगलवार, दिनांक 27 सितम्बर, 2005-(1) दिनांक 26 सितम्बर, 2005 को सदन में उत्पन्न गतिरोध को दूर करने के संबंध में गृह मंत्री द्वारा वक्तव्य।

(2) राज्य में बिजली, पेयजल व अकाल की स्थिति पर विचार। बुधवार, दिनांक 28 सितम्बर, 2005 (1) राजस्थान सिविल सेवा मामलों के लिए अपील अधिकरण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2005,

(श्री महावीर प्रसाद जैन)

(2) राजस्थान किराया नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 2005,

(3) राजस्थान किराया नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2005,

(4) राजस्थान कृषि उपज मंडी (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2005

पर विचार एवं पारण।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य सलाहकार समिति के दसवें प्रतिवेदन पर अपनी सहमति प्रकट करता है।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि यह सदन कार्य सलाहकार समिति के दसवें प्रतिवेदन पर अपनी सहमति प्रकट करता है?

(स्वीकृत)

सहमति प्रदान की गई। डा. एन.एस. गुर्जर।

प्राक्कलन समिति 'ख' 2005-06 का तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम प्रतिवेदन

डा. एन.एस. गुर्जर : अध्यक्ष महोदय, मैं प्राक्कलन समिति 'ख', 2005-2006 समिति के निम्नांकित प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं :-

(1) कृषि विपणन (उपज मण्डी) विभाग के क्रिया-कलापों एवं गतिविधियों से संबंधित समिति का तृतीय प्रतिवेदन।

(2) उपनिवेशन विभाग से संबंधित प्राक्कलन समिति "ख" 2003-04 के 18वें प्रतिवेदन में समाविष्ट सिफारिशों पर शासन द्वारा की गई कार्यवाही विषयक समिति का चतुर्थ प्रतिवेदन।

(3) गृह (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) विभाग से संबंधित प्राक्कलन समिति "ख" 2004-05 के प्रथम प्रतिवेदन में समाविष्ट सिफारिशों पर शासन द्वारा की गई कार्यवाही विषयक समिति का पंचम प्रतिवेदन।

श्री अध्यक्ष : श्री बंशीलाल खटीक।

नियम समिति, 2005-2006 का प्रथम प्रतिवेदन

श्री बंशीलाल खटीक : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से नियम समिति, 2005-06 के प्रथम प्रतिवेदन का उपस्थापन करता हूं।

विधायी कार्य: विधेयक का पुर:स्थापन

राजस्थान कृषि उपज मण्डी (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2005

श्री अध्यक्ष : श्री प्रभुलाल सैनी। मि. प्रभुलाल सैनी, क्या तमाशा करते हो आप

श्री प्रभुलाल सैनी (कृषि मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान कृषि उपज मण्डी (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान कृषि उपज मण्डी (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

विधेयक का पुर: स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गई।

प्रभारी मंत्री।

श्री प्रभुलाल सैनी : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान कृषि उपज मण्डी (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री प्रताप सिंह सिंघवी।

राजस्थान किराया नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 2005

श्री प्रताप सिंह सिंघवी (नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री) : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान किराया नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 2005 को पुर: स्थापित करने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान किराया नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

विधेयक को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गई।

प्रभारी मंत्री।

श्री प्रताप सिंह सिंघवी : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान किराया नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष : कारणों का विवरण भी सदन की मेज पर रखें।

श्री प्रताप सिंह सिंघवी : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रक्रिया के नियम 63 (1) के अन्तर्गत राजस्थान किराया नियंत्रण (संशोधन) अध्यादेश, 2005 (वर्ष 2005 का अध्यादेश संख्या-2) को जारी करने के कारणों का विवरण भी सदन की मेज पर रखता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री प्रताप सिंह सिंघवी।

राजस्थान किराया नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2005

श्री प्रताप सिंह सिंघवी : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान किराया नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान किराया नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

विधेयक को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गई।

प्रभारी मंत्री।

श्री प्रताप सिंह सिंघवी : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान किराया नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष : श्री प्रताप सिंह सिंघवी।

राजस्थान सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक, 2005

श्री प्रताप सिंह सिंघवी : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न यह है कि राजस्थान सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक, 2005 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाय?

(श्री अध्यक्ष)

(स्वीकृत)

विधेयक को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गई।

प्रभारी मंत्री।

श्री प्रताप सिंह सिंघवी : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष : राज्य में बिजली, पेयजल और अकाल पर विचार हो रहा है। श्री गजेन्द्र सिंह, ऊर्जा राज्य मंत्री आप चर्चा का उत्तर देंगे। आपको चर्चा का उत्तर देना है। इस संबंध में मैं यह मानकर चलती हूं कि न आपको अकाल पर चर्चा करनी है और न आपको बिजली पर चर्चा करनी है और न आपको पेयजल पर चर्चा करनी है। यदि सत्ता पक्ष के किसी माननीय सदस्य को इस संबंध में चर्चा करनी है तो वो इस संबंध में खड़े होकर के अपने विचार प्रकट कर सकते हैं।

श्री सुरेन्द्र सिंह राठौर (गंगानगर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे प्रतिपक्ष के नेताओं से और प्रतिपक्ष के सदस्यों से....

श्री अध्यक्ष : आप बोल रहे हैं क्या?

मुझे माननीय सदस्यों को सूचित करना है कि कल दिनांक 28.9.2005 को निम्नांकित विधेयक विचारार्थ लिये जाएंगे। उसके संबंध में जो माननीय सदस्य अपने संशोधन देना चाहते हैं वे आज दिनांक 27.9.2005 को मध्याह्न पश्चात 4.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। राजस्थान किराया नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 2005 व राजस्थान किराया नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2005 पेयजल, अकाल और बिजली के बारे में यदि किसी माननीय सदस्य को अपने विचार प्रकट करने हैं तो वो खड़े होकर के अपने विचार प्रकट कर सकते हैं।

श्री रामप्रताप कासनियां : बढ़े पैट्रोल और डीजल के भाव कम कराने के लिये भी कहो। (व्यवधान) बढे पैट्रोल, डीजल और गैस के भाव कम करने के भी नारे लगाये जाये।

डा. दिगम्बर सिंह : ...(व्यवधान) यह जो हल्ला मचा रहे हैं मैं चाहता हूं..(व्यवधान) +++ कांग्रेस के सदस्य, माननीय अध्यक्ष महोदय इसकी जांच कराई जाये।..(व्यवधान)

श्री रामप्रताप कासनियां : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रतिपक्ष के सदस्यों से यह निवेदन करना चाहता हूं कि पैट्रोल, डीजल और गैस के भाव भी कम किये जाएं..(व्यवधान) यह नारे भी साथ में केन्द्र के खिलाफ लगाओ।

डा. दिगम्बर सिंह : ...(व्यवधान) आप बहस करो, आप सुनो हमारी बात (व्यवधान) आप बहस कीजिए, सुनिए।

श्री सांवर लाल : अध्यक्ष महोदय, लगातार दो दिन से आपने सदन को तमाशा बना दिया। करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, सारी बातें स्पष्ट हो गई। (व्यवधान) गृह मंत्रीजी ने वक्तव्य दे दिया, माननीय मंत्रीजी ने सारी बातें बता दीं उसके बावजूद भी आपका गैर जिम्मेदाराना व्यवहार लगातार राजस्थान की जनता देख रही है।

श्री रामनारायण डूडी : नाथद्वारा से आने वाले माननीय सदस्य, आपकी अगर हिम्मत है, इसमें पूरी की पूरी डिबेट हो चुकी अब क्या बाकी रहा है। केवल हल्ला कर रहे हैं, चार दिन की असेम्बली है, आप लोग बैठिए और बिजली, पानी और जनहित के मुद्दे उठाइये और उनको सुनें। आप इस प्रकार का प्रदर्शन कर रहे हैं। बी.डी. साहब आप तो बहुत पुराने सदस्य हैं, आप क्या कहना चाहते हो। आप यह मैसेज देना चाहते हो कि राजस्थान में हम इस प्रकार का हल्ला करके समय जाया कर रहे हैं। (व्यवधान) आप बैठिए, यह क्या शोभा देता है। पूरे राजस्थान में आपने इस प्रकार का मैसेज दिया है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय राजस्व मंत्रीजी, कृपया स्थान ग्रहण कीजिए। राजस्व मंत्रीजी, कृपया स्थान ग्रहण करें। (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य :....(व्यवधान) +++ अध्यक्ष महोदय, यह प्रतिपक्ष वाले सदन नहीं चलने दे रहे हैं, यह सच्चाई को सामने नहीं आने देना चाह रहे हैं। (व्यवधान) नौटंकी का खेल कर रहे हैं, +++ (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष :..(व्यवधान) क्या यह मानकर चला जाये बिजली के मुद्दे पर प्रतिपक्ष चर्चा नहीं करना चाहता। (व्यवधान) ऊर्जा के संबंध में प्रतिपक्ष कोई सुझाव नहीं देना चाहता। (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य :..(व्यवधान) नौटंकी का खेल-खेल रहे हैं +++

एक माननीय सदस्य :....(व्यवधान) भारतीय जनता पार्टी की जो सरकार आई है उसने जो काम किये हैं वह वाकई काबिले तारीफ हैं। (व्यवधान) इनके पास कहने के लिये कोई शब्द नहीं है। जब भी सदन आहूत होता है यह बार-बार यही करते हैं।

श्री अध्यक्ष : सदन की बैठक बुधवार दिनांक 28.9.2005 के प्रातः 11.00 बजे तक के लिये स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 14.22 बजे बुधवार दिनांक 28.9.2005 के 11.00 बजे तक के लिये स्थगित हुई)

अनुपस्थित सदस्य का तारांकित प्रश्नोत्तर

छीबा (सिरोही) ग्राम पंचायत के अकाल राहत कार्यों का जांच प्रकरण

22. श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : क्या अकाल राहत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) जिला सिरोही की ग्राम पंचायत छीबा गांव में चलाए गए राहत कार्यों में 11 में 20 जून, 2005 के पखवाड़े के मस्टररोल की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि राहत कार्य की उक्त अवधि के मस्टररोल व कार्य को लेकर नायब तहसीलदार शिवगंज को अनियमितता संबंधी जांच सौंपी गई थी? यदि हां, तो किस की शिकायत पर? शिकायत की प्रति, जांच आदेश की प्रति व जांच रिपोर्ट की प्रति सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि उक्त जांच रिपोर्ट समाचार-पत्रों में जारी होने के बाद शिवगंज पंचायत समिति सदस्य डाकू देवी मीणा द्वारा जिला कलक्टर को नायब तहसीलदार की जांच को झूठा बताते हुए शिकायत की गई थी? यदि हां, तो शिकायत की प्रति व जिला कलक्टर द्वारा उक्त शिकायत पर की गई कार्यवाही मय पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि नायब तहसीलदार की जांच रिपोर्ट को लेकर जिला प्रमुख सिरोही ने भी जिला कलक्टर को अनियमितता बाबत अवगत कराया था? यदि हां, तो कब? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) ग्राम पंचायत, छीबा गांव में दिनांक 11 से 20 जून, 2005 के पखवाड़े में चलाये गये राहत कार्यों के मस्टररोलों की प्रति परिशिष्ट-अ पर संलग्न है।

(2) जी हां। यह सही है कि राहत कार्य की उक्त अवधि के मस्टररोल व कार्य को लेकर नायब तहसीलदार शिवगंज को जांच हेतु मौके पर उप खण्ड अधिकारी द्वारा भेजा गया था। नायब तहसीलदार की मौका रिपोर्ट परिशिष्ट-ब पर संलग्न है।

(अकाल राहत मंत्री)

इस सम्बन्ध में संधारित, मस्टररोलों में अनियमितता होने सम्बन्धी समाचार राजस्थान पत्रिका के दिनांक 19.6.2005 के संस्करण (प्रति संलग्न परिशिष्ट-स) में प्रकाशित होने पर उपखण्ड अधिकारी सिरोही ने नायब तहसीलदार शिवगंज को जांच करने के मौखिक आदेश दिये थे।

(3) जी हां। श्रीमती डाकू देवी मीणा, सदस्य पंचायत समिति शिवगंज द्वारा जिला कलक्टर को नायब तहसीलदार की जांच को झूठा बताते हुए शिकायत की गई थी। श्रीमती डाकू देवी मीणा की शिकायत की प्रति परिशिष्ट-द पर संलग्न है।

जिला कलक्टर द्वारा उक्त प्रकरण की जांच उपखण्ड अधिकारी सिरोही से करवाने का आदेश श्रीमती डाकू देवी मीणा, सदस्य, पंचायत समिति, शिवगंज की शिकायत से पूर्व में ही दे दिये थे। जिला कलक्टर द्वारा दिये गये आदेश की प्रति परिशिष्ट-य पर संलग्न है तथा उपखण्ड अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट परिशिष्ट-र पर संलग्न है।

(4) जी नहीं।

(विवरण विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखा गया)

समयाभाव के कारण सदन में नहीं लिये जा सके तारांकित प्रश्नोत्तर

गंग/भाखड़ा/इन्दिरा गांधी नहर परियोजनाओं से सिंचाई हेतु प्राप्त जल

24. श्री ओ.पी. महेन्द्रा (केसरीसिंहपुर) : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) गंग नहर, भाखड़ा नहर व इन्दिरा गांधी नहर परियोजना में वर्ष 1998-99 से अगस्त, 2005 तक वर्षवार एवं माहवार कितना-कितना पानी दिया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) इन तीनों नहर प्रणालियों में वर्ष 1998-99 से 2003 की तुलना में 2003-04 व 2004-05 एवं अगस्त, 2005 तक कितना अतिरिक्त पानी उपलब्ध करवाया गया?

उत्तर

(1) गंग नहर, भाखड़ा नहर व इन्दिरा गांधी नहर में वर्ष 1998-99 से अगस्त, 2005 तक दिये गये पानी का माहवार व वर्षवार विवरण परिशिष्ट "अ" पर सलंग्न है।

(2) इन तीनों नहर प्रणालियों में वर्ष 1998-99 से 2002-03 की तुलना में 2003-04 व 2004-05 एवं अगस्त, 2005 तक पोंग तथा भाखड़ा बाधों में अपेक्षाकृत कम भराव होने एवं इनके जलग्रहण क्षेत्र में कम वर्षा के उपरान्त भी बेहतर जल प्रबन्धन करते हुए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया गया जिससे इन वर्षों में भरपूर कृषि उत्पादन हुआ तथा अन्तिम छोर तक स्थित किसानों को पानी उपलब्ध कराया गया।

परिशिष्ट - 'अ'

इन्दिरा गांधी नहर में उपलब्ध कराये गये पानी की मात्रा

आंकड़े क्यूसेक डेज में

माह	दिनांक	1998-99	1999-2000	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06
मई	21-31	127800	117724	91444	35634	74850	72868	25284	85434
जून	1-30	324682	277070	230381	171826	220056	221764	117680	245297
जुलाई	1-31	351199	321792	295988	284776	195359	282954	150950	299668
अगस्त	1-31	342907	352468	278969	295046	138760	273470	176461	324796
सितम्बर	1-30	336141	359510	313355	282059	151726	282587	160730	
अक्टूबर	1-31	247479	367040	191748	261573	181237	224243	190273	
नवम्बर	1-30	295322	352451	176083	260222	213632	245283	206983	
दिसम्बर	1-31	244767	275297	168186	264378	208605	146662	168306	
जनवरी	1-31	256383	285364	132126	229118	187672	246533	198685	
फरवरी	1-28/29	303741	280374	107378	169404	172405	224403	223360	
मार्च	1-31	356110	282926	58441	202631	167623	202282	175724	
अप्रैल	1-30	46651	298024	50039	123156	145310	71999	192062	

माह	दिनांक	1998-99	1999-2000	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06
मई	1-20	229223	140456	45658	93446	133942	69116	182443	
कुल योग क्यूसैक डेज		3462405	3710496	2139796	2673269	219177	2564164	2168941	955195
एम.ए.एफ.		6.868	7.360	4.244	5.302	4.346	5.086	4.302	1.895

भाखड़ा सिंचाई प्रणाली को उपलब्ध कराये गये पानी की मात्रा

आंकड़े क्यूसेक डेज में

माह	दिनांक	1998-99	1999-2000	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06
मई	21-31	19237	19999	19704	13802	20156	25987	9201	18708
जून	1-30	65510	62115	53540	51692	49667	63029	40635	54364
जुलाई	1-31	72152	64220	64267	62217	53893	75431	45786	68599
अगस्त	1-31	71227	69631	64358	82128	43979	70624	46499	61193
सितम्बर	1-30	71578	68341	72677	67530	49356	69934	42323	
अक्टूबर	1-31	68375	68724	67535	65528	46549	71363	50491	
नवम्बर	1-30	67577	64452	55625	58910	59528	63301	38912	

माह	दिनांक	1998-99	1999-2000	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06
दिसम्बर	1-31	60865	55479	47305	61777	51707	66126	42753	
जनवरी	1-31	59114	70053	44605	57767	40079	56253	32987	
फरवरी	1-28/29	58696	56209	36001	46296	33762	51791	38957	
मार्च	1-31	66971	61500	29452	52510	36414	51910	50770	
अप्रैल	1-30	27684	57353	25313	52761	34872	36699	30591	
मई	1-20	32472	38272	21339	31034	26199	26959	30790	
कुल योग क्यूसैक डेज		741458	756348	681721	703932	546161	729407	500695	202864
एम.ए.एफ.		1.471	1.500	1.193	1.396	1.083	1.447	0.993	0.402

गंग नहर में उपलब्ध करवाया गया पानी आंकड़े क्यूसेक डेज में

माह	दिनांक	1998-99	1999-2000	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06
मई	21-31	32135	25760	21240	13304	16789	19580	12306	19950
जून	1-30	75157	64659	54510	44746	59318	68088	41022	57000

माह	दिनांक	1998-99	1999-2000	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06
जुलाई	1-31	85280	73997	65925	61232	65452	69175	48516	70873
अगस्त	1-31	94135	77521	59146	61845	57886	57145	52730	77140
सितम्बर	1-30	80027	73610	70538	64244	59048	52950	51000	
अक्टूबर	1-31	71082	72481	61854	48029	49879	57339	50310	
नवम्बर	1-30	87392	68001	49161	47397	19250	51466	48000	
दिसम्बर	1-31	73653	60652	49492	43100	51444	47184	49752	
जनवरी	1-31	77035	64252	50809	49421	50750	46601	48400	
फरवरी	1-28/29	63987	53787	36337	45100	44350	44227	43350	
मार्च	1-31	72175	55982	36494	46523	46077	47158	35165	
अप्रैल	1-30	74460	55471	36093	45078	43500	41739	35550	
मई	1-20	49700	35807	26234	30495	34285	25854	35250	
कुलयोग क्यूसैकडेज	कुल योग क्यूसैक डेज	936218	781980	617833	600514	628028	628506	551351	224963
एम.ए.एफ.	एम.ए.एफ.	1.857	1.551	1.225	1.191	1.246	1.247	1.094	0.446

रामगढ़ वन क्षेत्र, बूंदी के वन्य जीवों का गणना प्रकरण

25. श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली) : क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि जिला बून्दी के रामगढ़ वन क्षेत्र को वन्य जीव अभयारण्य घोषित किया गया है? यदि हां, तो कब और इसके अन्तर्गत कितने वर्ग किलोमीटर क्षेत्र किस-किस तहसील का है?

(2) क्या यह सही है कि गत 2 वर्षों में इस क्षेत्र के वन्य जीवों की गणना करवाई गई थी? यदि हां, तो गणना का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) वर्ष 2003 की गणना और वर्ष 2004 की गणना में जिन वन्य जीवों की संख्या में अत्यधिक अन्तर पाया उसके क्या कारण हैं और उस अन्तर के लिए कौन जिम्मेदार है?

(4) सी.बी.आई. द्वारा सरिस्का एवं रणथम्भौर अभयारण्य में बाघों की मृत्यु के लिए किन-किन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है तथा कितने लोग गिरफ्तार किये गये और बाघों की कमी होने के लिए किन्हें जिम्मेदार ठहराया गया?

(5) सरकार द्वारा बाघों के गायब होने के संबंध में गठित टास्क फोर्स ने क्या रिपोर्ट प्रस्तुत की? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां। बूंदी जिले में 307.42 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल में रामगढ़ अभयारण्य राज्यादेश दिनांक 20.5.82 द्वारा घोषित किया हुआ है। इसका तहसील, बूंदी में 31.37 वर्ग कि.मी. तहसील हिंडौली में 113.25 वर्ग कि.मी. एवं तहसील नैनवां में 162.80 वर्ग कि.मी. क्षेत्र है।

(2) जी हां, गत 2 वर्षों में रामगढ़ अभयारण्य में वन्यजीवों की गणना करवाई गई थी। गणना रिपोर्ट परिशिष्ट "क" पर संलग्न है।

(3) वर्ष 2003 एवं 2004 की गणना में आये अन्तर हेतु जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के पश्चात ही कमी के कारण व जिम्मेदारी तय की जा सकेगी।

(4) सी.बी.आई. को सरिस्का अभयारण्य में बाघों की मृत्यु के लिये वन विभाग द्वारा दर्ज किये गये दो प्रकरण राज्य सरकार की अधिसूचना से स्थानान्तरित किये गये। जिनका विवरण परिशिष्ट 'ख' पर संलग्न है।

(वन एवं पर्यावरण मंत्री)

उपरोक्त अभियुक्तों में एक अभियुक्त श्री कल्या पुत्र लादया बावरिया दोनों प्रकरणों में शामिल है। इस प्रकार दोनों प्रकरणों में कुल 14 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

इन दोनों प्रकरणों में अग्रिम कार्यवाही सी.बी.आई. द्वारा की जा रही है। विभाग द्वारा इन दो प्रकरणों में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त सूचना के अनुसार सी.बी.आई. द्वारा उक्त के अलावा किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

सी.बी.आई. की रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है अत: बाघों की कमी होने के लिये किन्हें जिम्मेदार ठहराया गया की जानकारी नहीं है। रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों की मृत्यु के लिये सी.बी.आई. द्वारा कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

(5) राज्य सरकार द्वारा गठित टास्क फोर्स की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है, जिसका परीक्षण कराया जा रहा है। इसकी प्रमुख अभिशंसाएं परिशिष्ट 'ग' पर संलग्न है।

परिशिष्ट "क"

रामगढ़ वन्य जीव अभयारण्य में वर्ष 2003 एवं 2004 में की गयी वन्य जीव गणना का विवरण :-

क्र. सं.	नाम वन्य जीव	वर्ष 2003 में संख्या	वर्ष 2004 में संख्या
1.	पैंथर	18	-
2.	जरख	24	35
3.	भेड़िया	10	16
4.	सियार	78	96
5.	लोमड़ी	11	31
6.	जंगली बिल्ली	41	30
7.	बिज्जू	10	26
8.	भालू	1	-
9.	सांभर	14	7
10.	चीतल	41	29
11.	नीलगाय	360	463
12.	चिंकारा	10	8
13.	जंगली सुअर	89	61
14.	सेही	50	58

क्र. सं.	नाम वन्य जीव	वर्ष 2003 में संख्या	वर्ष 2004 में संख्या
15.	खरगोश	126	96
16.	बन्दर	1257	485
17.	मौर	509	466
18.	चौसिंगा	11	10
19.	नेवला	71	89
20.	पाटा गौ	15	1
21.	जंगली मुर्गा	46	27
22.	तोता	61	107
23.	तीतर	264	212
24.	गिद्ध	-	39
25.	नाईट जार	45	-
26.	सारस	3	-

परिशिष्ट "ख"

सी.बी.आई. को स्थानान्तरित प्रकरणों का विवरण-

क्र.सं.	प्रकरण संख्या	व्यक्ति जिनके विरूद्व मुकदमा दर्ज किया गया
1.	प्रकरण संख्या 45-91/05 दिनांक 11.3.2005	1. श्री बल्या पुत्र लादया बावरिया, निवास मलवास, थाना नांगल राजावतान, जिला दौसा 2. कल्या पुत्र लादया बावरिया हाल निवास मलवास थाना नांगल राजावतान जिला दौसा 3. हनुमान पुत्र जगदीश जाति बावरिया निवासी लालबास जिला जयपुर 4. फूल्या पुत्र सोन्या बावरिया निवासी धोली छारेड़ा, थाना नांगल राजावतान जिला दौसा 5. हीरालाल खटीक निवासी थानागाजी 6. मन्जू पुत्र हीरालाल खटीक निवासी थानागाजी

क्र.सं.	प्रकरण संख्या	व्यक्ति जिनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया
2.	प्रकरण संख्या 11-91/05 दिनांक 15.3.2005	1. श्री रामप्रताप पुत्र मनफूल मीणा, निवासी बीचला गुवाड़ा, बीधोता, पं.सं. टहला अलवर 2. रामसुख उर्फ लोहदया पुत्र हरगोविन्द मीणा, निवासी बीचला गुवाड़ा, बीघोता, पं.सं. टहला, अलवर 3. मुन्शी पुत्र गंगासहाय मीणा, निवासी बीचला गुवाड़ा, बीघोता, पं.सं. टहला, अलवर 4. कमलेश पुत्र मनफूल मीणा, निवासी बीचला गुवाड़ा, बीघोता, पं.सं. टहला, अलवर 5. रामजीलाल पुत्र छाजू मीणा, निवासी बीचला गुवाड़ा, पं.सं. टहला, अलवर 6. गजानन्द पुत्र रामकरण मीणा, निवासी बीचला गुवाडा, बीघोता, पं.सं. टहला, अलवर 7. प्रहलाद पुत्र कन्हैया मीणा, निवासी बीचला गुवाड़ा, बीघोता, पं.सं. टहला, अलवर 8. हजारी पुत्र रामकरण मीणा, निवासी काटरवाड़ा, जिला दौसा 9. कल्या पुत्र लादया बावरिया, निवासी चांदेरा, पं.सं. कोलवा ग्राम जिला दौसा

परिशिष्ट 'ग'

श्री वी.पी.सिंह की अध्यक्षता में गठित स्टेट एम्पावर्ड कमेटी की प्रमुख अभिशंषाएं

1. रणथम्भौर एवं सरिस्का बाघ परियोजना क्षेत्रों एवं केवला देव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर के लिए एक स्टेयरिंग कमेटी का गठन माननीय मुख्यमंत्री महोदया की अध्यक्षता में किया जावे।
2. पुलिस मुख्यालय पर एक स्टेट वाइल्ड लाइफ क्राइम ब्यूरो स्थापित किया जावे।

3. संरक्षित क्षेत्रों के लिए वनरक्षकों की नई भर्ती की जावे।
4. बाघों की संख्या में कमी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जावे।
5. वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन फोर्स का सृजन मुख्यालय पर किया जावे।
6. वन अधिकारियों को हथियारों का उपयोग करने के लिए अधिकार दिया जावे।
7. वाइल्ड लाइफ फोरेन्सिक प्रयोगशाला की स्थापना राज्य फोरेन्सिक प्रयोगशाला में की जावे।
8. पारस्परिक रूप से शिकारी जातियों एवं स्थानीय लोगों को वन एवं वन्य जीव की सुरक्षा हेतु उपयोग में लिया जावे तथा इनको वैकल्पिक रोजगार के साधन उपलब्ध कराया जावे।
9. सरिस्का एवं रणथम्भौर बाघ परियोजना क्षेत्र में बसे हुए गांवों को अन्यत्र विस्थापित किया जावे।
10. संरक्षित क्षेत्रों में तैनात कर्मचारियों के कल्याण के लिए समूह बीमा ,मैस अलाउन्स, पारितोषिक, रोटेशनल डयूटी आदि की योजनाएं लागू की जावे।
11. संरक्षित क्षेत्र के आस-पास बसे लोगों के लिए आजीविका के अन्य स्त्रोतों का विकास किया जावे।
12. पर्यटकों से ईको सरचार्ज के रूप में प्राप्त राशि को संरक्षित क्षेत्र के विकास, सुरक्षा एवं स्टाफ तथा समुदाय के कल्याण की गतिविधियों में पुन: नियोजित किया जावे।
13. वाइल्ड लाइफ संरक्षण ट्रस्ट फण्ड स्थापना की जावे जिसमें राष्ट्रीय एवं अतंरराष्ट्रीय डोनेशन प्राप्त किये जा सके। संरक्षित क्षेत्र में 5 किलोमीटर की परिधि में आने वाले होटलों पर 15 प्रतिशत ग्रीन सेस (Green cess olwy) कर वाइल्ड लाइफ संरक्षण ट्रस्ट फण्ड में जमा किया जावे।
14. संरक्षित क्षेत्रां में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारियों को गृह जिलों में पदस्थापित न किया जावे।
15. सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों का पुनर्वास (Rr-Introduction) रणथम्भौर एवं अन्य टाइगर रिजर्व से बाघों के जोड़ों को स्थानान्तरित कर किया जावे।

16. राज्य के विभिन्न संरक्षित क्षेत्रों के बीच कोरिडोर स्थापित किया जावे।

17. सरिस्का के समीप खनन कार्य में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अक्षरश :पालना की जावे।

18. सरिस्का से निकल रहे राज्य मार्ग को बन्द किया जावे।

प्रश्न संख्या 26

(स्थगित)

भेड़पालकों एवं भेड़ों की संरक्षा एवं सुरक्षा हेतु बीमा योजना

27. श्री रामचन्द्र जारोड़ा (मेड़ता) : क्या पशुपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि जिला नागौर एवं विधान सभा क्षेत्र मेड़ता की भेड़ें राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व हरियाणा में चरने जाती हैं? यदि हां, तो सरकार द्वारा उनकी चराई व सुरक्षा हेतु क्या कोई व्यवस्था की जाती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उन भेड़पालकों एवं भेड़ों की बीमा योजना लागू करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। संबंधित राज्य के वन विभाग द्वारा चराई शुल्क लेकर चराई की व्यवस्था की जाती है तथा संबंधित राज्य के स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा ही उनकी सुरक्षा व्यवस्था की जाती है।

(2) भेड़पालकों एवं भेड़ों का बीमा, बीमा कम्पनियों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें राज्य सरकार अनुदान दे रही है।

राज्य में पैट्रोलियम उत्पाद से प्राप्त रायल्टी

28. श्री शान्तिलाल चपलोत (मावली) : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) राज्य में कुल कितने तेलकूपों पर ड्रिलिंग का कार्य चल रहा है?

(श्री शांतिलाल चपलोत)

(2) क्या यह सही है कि राज्य के तेलकूपों से व्यावसायिक उत्पादन प्रारम्भ हो गया है? यदि हां, तो अप्रैल, 2005 से अब तक कितना उत्पादन हुआ व इससे सरकार को कितनी रायल्टी प्राप्त हुई?

(3) क्या सरकार तेल की रिफाइनरी लगाने का विचार रखती है? यदि हां, तो इसकी क्या कार्य योजना है?

उत्तर

(1) वर्तमान में चार तेल कूपों के लिए राज्य में ड्रिलिंग का कार्य किया जा रहा है।

(2) जी, नहीं। समय-समय पर टेस्टिंग करते समय पिट आयल निकलता है। वर्तमान में बाड़मेर-सांचोर बेसिन में "एक्सटेंडेड वैल टैस्टिंग" की जा रही है। टैस्टिंग के दौरान जनवरी, 2005 से अगस्त, 2005 तक 10493 बैरल पिट आयल निकाला गया। रायल्टी पैट्रोलियम एवं नैचुरल गैस नियम, 1959 के नियम 14 (1) (a) ii द्वितीय के अनुसार कर ली जायेगी।

(3) जी नहीं। राज्य सरकार राज्य में रिफाइनरी लगाने के इच्छुक संस्थानों के प्रस्तावों पर सकारात्मक रूप से विचार कर रही है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्राप्त खाद्यानों की काला बाजारी

29. श्री रामचन्द्र सराधन (जमवारामगढ़) : क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) वर्ष 2004 एवं 2005 में अकाल राहत कार्यों, विशेष अनुग्रह सहायता तथा बी.पी.एल. श्रेणी के तहत राज्य सरकार द्वारा आबंटित गेहूं की कालाबाजारी, गबन के कितने प्रकरण कहां-कहां व कितनी राशि/गेहूं के दर्ज किये गये? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त प्रकरणों में कितने व्यक्तियों को कहां-कहां पकड़ा गया तथा उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई और उनसे कितने गेहूं/राशि की वसूली की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त प्रकरणों में कौन-कौन अधिकारी/कर्मचारी दोषी पाये गये

(श्री रामचन्द्र सराधना)

तथा उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) वर्ष 2004 एवं 2005 में राज्य सरकार द्वारा अकाल राहत कार्यों के 16, विशेष अनुग्रह सहायता 0 तथा बीपीएल श्रेणी के 79 इस प्रकार गेहूं की कालाबजारी, गबन के कुल 95 प्रकरण दर्ज किये गये। वर्ष, जिला एवं योजनानुसार प्रकरणों की संख्या एवं राशि की सूची परिशिष्ट "1" व "2" पर संलग्न है।

(2) दर्ज 95 प्रकरणों में से 33 प्रकरणों की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने पर संबंधित थाना क्षेत्र में 10 व्यक्तियों को पकड़ा गया। 62 प्रकरणों में विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। दर्ज कुल प्रकरणों में गेहूं 1174.67 क्विं. एवं राशि 15,37,753 रुपये वसूल किये गये। जिलावार विवरण परिशिष्ट "3" पर संलग्न है।

(3) उक्त प्रकरणों में से जिला बांसवाड़ा के 1 प्रकरण में श्री कचरू लाल, ग्राम सेवक पदेन सचिव, ग्राम पंचायत गणाउ को विकास अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस एवं उदयपुर जिले के राजस संघ से संबंधित श्री गजराज सिंह राठौड़ क्षेत्रीय प्रबन्धक, लियाकत हुसैन प्रबन्धक (विपणन) एवं श्री रमेश जैन स्टोर कीपर को प्रथम दृष्टया उत्तरदायी मानते हुए जनजाति विकास विभाग द्वारा निलम्बन की कार्यवाही की गयी है। शेष प्रकरणों में कोई अधिकारी/कर्मचारी दोषी नहीं पाये गये हैं। 62 उचित मूल्य दुकानदारों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई गई है।

परिशिष्ट "1"

अकाल राहत एवं बीपीएल श्रेणी में कालाबाजारी, गबन के वर्ष 2004 में दर्ज किये गये प्रकरणों का विवरण

क्र. सं.	जिला	अकाल राहत			बीपीएल			योग प्रकरण
		प्रकरणों की संख्या	गेहूं मात्रा (क्विं)	गेहूं राशि	प्रकरणों की संख्या	गेहूं मात्रा (क्विं)	गेहूं राशि @660/- per qtl.	
1.	सीकर	0	0	0	1	103.80	68508	1
2.	झालावाड़	0	0	0	7	643.89	424967	7
3.	जयपुर	0	0	0	1	263.15	173679	1
4.	चित्तौड़गढ़	0	0	0	3	48.39	31937	3
5.	झुंझनूं	0	0	0	4	57.60	38016	4
6.	बीकानेर	0	0	0	1	164.00	108240	1
7.	श्रीगंगानगर	0	0	0	5	958.95	632907	5
8.	डूंगरपुर	0	0	0	1	62.50	41250	1
9.	उदयपुर	0	0	0	7	47.74	31508	7
10.	धौलपुर	0	0	0	1	174.65	115269	7
11.	राजसमन्द	0	0	0	3	135.82	89641	3
12.	दौसा	0	0	0	1	2.10	1386	1
13.	बारां	0	0	0	3	146.11	96433	3
	योग	0	0	0	38	2808.70	1853741	38

परिशिष्ट "2"

अकाल राहत एवं बीपीएल श्रेणी में कालाबाजारी, गबन के वर्ष 2005 में दर्ज किये गये प्रकरणों का विवरण

क्र. सं.	जिला	अकाल राहत			बीपीएल			योग प्रकरण
		प्रकरणों की संख्या	गेहूं मात्रा (क्विं)	गेहूं राशि	प्रकरणों की संख्या	गेहूं मात्रा (क्विं)	गेहूं राशि @660/- per qtl.	
1.	बांसवाड़ा	4	766.26	521056	3	499.35	329571	7
2.	जयपुर	0	0	0	3	93.50	61710	3
3.	चित्तौड़गढ़	0	0	0	2	32.95	21747	2
4.	जोधपुर	1	75	51000	0	0.00	0	1
5.	बीकानेर	0	0	0	1	75.50	49830	1
6.	डूंगरपुर	2	217.78	148090	0	0.00	0	2
7.	उदयपुर	5	694.85	472498	27	2707.05	1786653	32
8.	धौलपुर	0	0	0	1	2181.15	1439559	1
9.	दौसा	4	766.8	521424	2	85.90	56694	6
10.	बारां	0	0	0	2	214.15	141339	2
योग		16	2520.69	1714068	41	5889.55	3887103	57

परिशिष्ट - "3"

जिला अनुसार दर्ज प्रथम सूचना एवं गिरफ्तार व्यक्तियों एवं वसूली से संबंधित विवरण

क्र. सं.	जिला	कुल प्रकरण	कार्यवाही		गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	वसूली		विशेष विवरण
			FIR	विभागीय		गेहूं की मात्रा (क्विं)	राशि	
1.	सीकर	1	1	0	3	0	69200	
2.	बांसवाड़ा	7	4	3	3	0	0	

क्र. सं.	जिला	कुल प्रकरण	कार्यवाही		गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या	वसूली		विशेष विवरण
			FIR	विभागीय		गेहूं की मात्रा (क्विं)	राशि	
3.	झालावाड़	7	6	1	0	0	306294	
4.	जयपुर	4	2	2	2	0	0	
5.	चित्तौड़गढ़	5	1	4	0	81.35	8690	
6.	झुंझनूं	4	0	4	0	0	0	
7.	जोधपुर	1	1	0	2	0	0	
8.	बीकानेर	2	1	1	0	0	0	
9.	श्री गंगानगर	5	1	4	0	22.55	9573	एफआईआर प्रस्तावित
10.	डूंगरपुर	3	2	1	0	314.36	98162	
11.	उदयपुर	39	5	34	0	0	18606	
12.	धौलपुर	2	1	1	0	374.16	974428	
13.	राजसमन्द	3	0	3	0	76.96	0	
14.	दौसा	7	4	3	0	88.00	52800	
15.	बारां	5	4	1	0	217.29		
	योग	95	33	62	10	1174.67	1537753	

दलित परिवारों पर अत्याचार के दर्ज प्रकरण

30. श्री प्रमोद जैन "भाया" (बारां) : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(1) राज्य में दिनांक 1 जनवरी, 2005 से 31 अगस्त, 2005 की अवधि में दलित परिवारों के दूल्हों को घोड़ी से उतारने के कितने प्रकरण किस-किस स्थान पर दर्ज हुए? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(श्री प्रमोद जैन "भाया")

(2) उक्त दर्ज प्रकरणों में से किस-किस प्रकरण के चालान किन कारणों से न्यायालय में पेश नहीं किये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) राज्य में दिनांक 1.1.2005 से 31.8.2005 की अवधि में दलित परिवारों के दूल्हों को घोड़ी से उतारने के कुल 11 प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिनका विवरण परिशिष्ट "क" पर संलग्न है।

(2) उक्त प्रकरणों में अन्वेषण चालान का ब्यौरा परिशिष्ट "क" पर संलग्न है।

परिशिष्ट "क"

राज्य में दि. 1.1.05 से 31.8.05 तक की अवधि में दलित परिवारों के दूल्हों को घोड़ी से उतारने के प्रकरणों का विवरण

क्र. सं.	घटना स्थल का नाम	अपराध संख्या, पुलिस थाना एवं जिला	अन्वेषण/चालान की स्थिति
1.	ग्राम रामपुरा	138/05, हरमाड़ा, जयपुर शहर उत्तर	चालान दिनांक 24.8.2005
2.	ग्राम पुनाना	209/05, हरमाड़ा, जयपुर शहर उत्तर	अपराध प्रमाणित परन्तु अभियुक्त के फरार होने से गिरफ्तारी शेष होने के कारण चालान पेश नहीं किया गया।
3.	ग्राम माधोगढ़	53/05, खेतड़ी, झुंझनूं	चालान दिनांक 28.8.2005
4.	ग्राम बासदयाल	120/05, बानसूर, अलवर	चालान दिनांक 26.8.2005
5.	ग्राम भोनावास	80/05, ब्रह्मपुरी, जयपुर उत्तर	अनुसंधान पश्चात मामला झूठा पाये जाने पर एफ.आर. अदम वकू (झूठ) में दि. 18.5.2005 को दी गयी।

क्र. सं.	घटना स्थल का नाम	अपराध संख्या, पुलिस थाना एवं जिला	अन्वेषण/चालान की स्थिति
6.	ग्राम तालका	142/05, हिण्डौली, बूंदी	चालान दिनांक 8.9.2005
7.	ग्राम खटाना की झोपडियां (रघुनाथपुरा)	186/05, हिण्डौली, बूंदी	आरोप पत्र दि. 27.7.2005 किता किया जा चुका है।
8.	ग्राम अरनियां जोशी	205/05, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़	चालान दिनांक 20.8.2005
9.	ग्राम बिन्दायता	125/05, अकलेरा, झालावाड़	चालान दिनांक 30.7.2005
10.	ग्राम गेलाना	67/05, सुनेल, झालावाड़	चालान दिनांक 5.8.2005
11.	ग्राम लुलहारा	197/05, नदबई, भरतपुर	चालान दिनांक 30.7.2005

अन्तरराज्यीय नदी-जल बंटवारा

31. श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर): क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि राजस्थान व मध्य प्रदेश सरकारों के बीच हाल ही में नदियों को जोड़ने के संबंध में किसी प्रकार का करार (एग्रीमेंट) किया गया है? यदि हां, तो एग्रीमेंट से राज्य के किस-किस क्षेत्र को किस प्रकार का लाभ मिल सकेगा?

(2) सरकार द्वारा गुजरात राज्य के साथ भी अपने हिस्से का पानी प्राप्त किये जाने हेतु क्या प्रयास किये जा रहे हैं तथा उसमें कितनी सफलता मिली? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या पंजाब से राज्य को अपने हिस्से का पूरा पानी मिल रहा है? यदि नहीं, तो क्या व इस हेतु क्या प्रयास किये जा रहे हैं?

उत्तर

(1) जी नहीं।

(2) गुजरात राज्य से माही नदी एवं नर्मदा नदी जल राजस्थान को प्राप्त होना है। नदीवार विवरण निम्नानुसार है :-

नर्मदा नदी जल :- राजस्थान को नर्मदा जल विवाद अधिकरण द्वारा दिनांक 7 दिसम्बर, 1989 को अन्तिम निर्णय लेकर नर्मदा जल का बंटवारा मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान एवं महाराष्ट्र के मध्य किया गया। इस निर्णय में राजस्थान को 0.50 एम.ए.एफ. पानी का आबंटन किया गया। इस आबंटित पानी के उपयोग के लिए नर्मदा नदी पर बनाये गये सरदार सरोवर बांध से राजस्थान की सीमा तक गुजरात राज्य में 458 किलोमीटर लम्बी मुख्य नहर का निर्माण किया जाना था, जिसके विपरीत 358 किलोमीटर लम्बाई में मुख्य नहर का निर्माण गुजरात राज्य में पूर्ण हो चुका है। राजस्थान द्वारा वर्ष 2003-2004 तक की समस्त बकाया हिस्सा राशि 335 करोड़ रुपये का भुगतान वर्ष 2003-04 में कर दिया गया तथा वर्ष 2004-05 में न केवल 2004-2005 की हिस्सा राशि 45 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया बल्कि 2005-06 की राजस्थान के हिस्से की राशि का अग्रिम भुगतान भी वर्ष 2004-2005 में 60 करोड़ रुपये का किया गया। इसके फलस्वरूप गुजरात राज्य में निर्मित होने वाली नर्मदा मुख्य नहर का कार्य तेजी से प्रगति पर है। गुजरात राज्य द्वारा भरोसा दिलाया गया है कि आगामी माह जून, 2006 तक नर्मदा का पानी राजस्थान की सीमा पर उपलब्ध कराया जा सकेगा। राजथान राज्य में निर्मित होने वाली 74 किलोमीटर लम्बी मुख्य नहर का कार्य भी लगभग पूर्ण कर लिया गया है तथा वर्तमान में वितरण प्रणाली का कार्य चल रहा है।

माही नदी जल :- वर्ष 1966 में माही नदी जल के उपयोग हेतु गुजरात एवं राजस्थान के मध्य समझौता हुआ। समझौते के बिन्दु संख्या 5 में यह प्रावधान है कि जब गुजरात राज्य में माही से सिंचित होने वाले क्षेत्र को नर्मदा नदी जल से सिंचित करना प्रारम्भ हो जायेगा, तब गुजरात राज्य यह जल राजस्थान को वापस कर देगा तथा राजस्थान बांसवाड़ा परियोजना पर गुजरात राज्य द्वारा वहन की गई लागत की राशि गुजरात को लौटायेगा।

(सिंचाई मंत्री)

राज्य सरकार के ध्यान में लाने पर कि गुजरात राज्य द्वारा खेड़ा जिले के माही जल से सिंचित होने वाले क्षेत्र को नर्मदा नहर से सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जा रहा है, मुख्य मंत्रीजी एवं सिंचाई मंत्रीजी के स्तर से गुजरात राज्य के मुख्य मंत्रीजी एवं सिंचाई मंत्रीजी को गुजरात एवं राजस्थान के मध्य हुए समझौते की पालना करने हेतु लिखा गया। प्रति परिशिष्ट-अ एवं ब पर संलग्न है। दोनों राज्यों द्वारा प्रकरण के समुचित समाधान हेतु उच्च स्तरीय समितियों का गठन किया गया है जो परस्पर वार्ता कर समझौते की पालना सुनिश्चित करने सम्बन्धी सुझाव देगी, जिसके आधार पर समुचित निर्णय राज्य सरकार के स्तर पर लिया जायेगा

(3) जी नहीं। दिनांक 31.12.1981 माननीय प्रधानमंत्री की उपस्थिति में पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान के मुख्य मंत्रियों के मध्य रावी व्यास नदियों के अधिकाय जल के बंटवारे के बारे में एक समझौता हुआ जिसके तहत राजस्थान राज्य का हिस्सा 8.60 एम.ए.एफ. निर्धारित किया गया जो कि अधिकाय जल का 52.70 प्रतिशत है।

उस समय इन्दिरा गांधी नहर परियोजना प्रारम्भिक अवस्था में थी तथा राजस्थान अपने सम्पूर्ण हिस्से को उपयोग में लेने की स्थिति में नहीं था, अतः इस बात को दृष्टिगत रखते हुए समझौते में यह प्रावधान रखा गया कि राजस्थान के हिस्से के .60 एम.ए.एफ. पानी का उपयोग पंजाब तब तक कर सकेगा जब तक कि राजस्थान अपने हिस्से के पूर्ण जल 8.60 एम.ए.एफ. को उपयोग में लेने की स्थिति में नहीं हो। राजस्थान वर्ष 1991 से ही अपने पूर्ण हिस्से का उपयोग करने की स्थिति में है तथा इस सम्बन्ध में राजस्थान द्वारा लगातार भारत सरकार से पत्राचार भी किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा गठित इराड़ी ट्रिब्यूनल द्वारा भी अपने अवार्ड दिनांक 30.1.1987 में स्पष्ट निर्णय दिया कि राजस्थान का रावी-व्यास में निर्धारित हिस्सा 8.60 एम.ए.एफ. ही रहेगा। इसके बावजूद भी राजस्थान का शेष 0.60 एम.ए..एफ. हिस्सा नहीं लौटाया जा रहा है। बी.बी.एम.बी .अभी भी राजस्थान को 8.00 एम.ए.एफ. (49 प्रतिशत) के हिसाब से पानी का आबंटन कर रहा है।

(सिंचाई मंत्री)

दिनांक 24.1.2004 तथा 18.3.2004 के द्वारा मानीनय मुख्य मंत्री, राजस्थान सरकार ने माननीय जल संसाधन मंत्री, भारत सरकार को इस विषय में निवेदन किया। दिनांक 15.6.2004 को पंजाब विधान सभा द्वारा अन्तरराज्यीय जल अनुबन्धों को निरस्त करने का संकल्प पारित किया। इस पर माननीया मुख्य मंत्री राजस्थान ने माननीय प्रधानमंत्री को दिनांक 30.6.2004 को पत्र लिख कर पंजाब विधान सभा द्वारा पारित संकल्प पर विरोध प्रकट किया।

राजस्थान विधान सभा ने दिनांक 1.7.2004 को एक प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया कि रावी-व्यास नदी से संबंधित समझौतें का पुनरावलोकन करने का कोई औचित्य नहीं है और सदन पंजाब द्वारा पारित संकल्प का विरोध करती है।

पंजाब सरकार द्वारा दिनांक 12 जुलाई, 2004 को Punjab termination of agreements Act 2004 पारित कर, रावी नदियों से संबंधित सभी समझौतों को उनके निष्पादित होने की दिनांक से समाप्त कर दिया। इन समझौतों में 1981 का रावी व्यास का समझौता भी शामिल है। महामहिम राष्ट्रपतिजी ने इस अधिनियम की संवैधानिक वैद्यता पर उच्चतम न्यायालय की राय हेतु मामला दिनांक 22.7.2004 को संविधान के अनुच्छेद 143 के अन्तर्गत भेजा। यह मामला वर्तमान में माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। इस विषय में माननीय प्रधानमंत्री ने माननीया मुख्य मंत्री को सूचित किया है कि प्रेसिडेन्सियल रेफरेन्स पर माननीय उच्चतम न्यायालय की राय के उपरान्त भी अग्रिम कार्यवाही करना सम्भव हो सकेगा।

दिनांक 2.12.2004 को माननीय मुख्य मंत्रीजी के नेतृत्व में राजस्थान के लोक सभा सदस्यों का एक दल माननीय प्रधानमंत्रीजी से मिला था एवं उन्हें राजस्थान का 0.60 एम.ए.एफ. पानी वापस लौटाने का फिर निवेदन किया है।

माननीय प्रधानमंत्री के दिनांक 23.5.2005 को राजस्थान प्रवास के समय भी माननीया मुख्य मंत्री ने उनसे व्यक्तिश: भेंट कर अनुरोध किया कि रावी-व्यास नदियों के जल विवाद के निपटारे के लिये माननीय उच्चतम न्यायालय की विशेष पीठ बनाई जावे जिससे इन विवादों का शीघ्र निपटारा हो सके व राजस्थान को अपने हिस्से का पूरा पानी शीघ्र मिल सके।

प्रपत्र 'अ'

D.O. No. F.2 (4)IMK/94-1

Dated : 8.4.2005

Your attention is invited towards the 1996 Agreement signed between the States of Rajasthan and Gujarat for sharing of Mahi waters. Under this agreement, it was stipulated, interalia, in condition No. 1 that "at a later date when Mahi areas are taken over by Narmada and a part of Kadana waters are released for use in Rajasthan, Rajasthan should pay to Gujarat an appropriate cost of the dam for such use."

Similarly, Under condition No. 5, it was further stipulated that "at a later date when Narmada Development takes place and when Mahi areas are fed by the waters of Narmada and the Mahi waters as Banswara are released for use in Rajasthan, Rajasthan should reimburse cost of the Banswara project paid by Gujarat."

The above provisions of the bilateral Agreement signed between Gujarat and Rajasthan very clearly stipulate that in the eventuality of Gujarat irrigating Mahi areas from Narmada waters, the waters of Mahi at Banswara and Kadana would be available for use in Rajasthan subject to payment of cost.

It has been brought to my notice that the Mahi Right Main Canal off-taking from Wanakbori pick up weir is being fed with Narmada water for irrigating CCA of Kheda district of Gurjart. Despite this, the Gujarat Govt. has not yet agreed to release Mahi waters for use in Rajasthan. This is not in consonance with the provisions of 1996 Agreement.

I, therfore, request you to kindly look into the matter personally and agree to abide by the spirit of above provisions of the 1966 agreement and release Mahi waters for use in Rajasthan.

With regards,

Yours sincerely,

Sh. Narendra Modi
Chief Minister, Gujarat,
Gandhinagar,

प्रपत्र 'ब'

श्री सांवर लाल
मंत्री,
सिंचाई, इ.गा.न., जन स्वा, अभि.
भू. जल एवं सिं.क्षे.वि. विभाग,
राजस्थान, जयपुर

फोन : 2227622
(नि.) 223106

आशा. पत्रांक:..........
जयपुर, दिनांक........
DO. No. F2(4)IMK/94-1
Jaipur, dated: 01.03.05

My Dear Shri Patel ji

An agreement was executed in the year 1966 in between Rajasthan and Gujarat for the exploitation of Mahi River (Annexure-I) which reveals that for the optimal utilisation of Mahi water both the States agreed for construction of Mahi Bajaj Sagar Project in Rajasthan & Kadana Project. A provision of transfer of mahi waters to Rajasthan was also incorporated under clause No. 1 and 5 which states as under :

Under Condition No. 1: "Kadana dam should be built to FRL 419 ft. The entire cost and benefits of this project will be borne by Gujarat. At a later date when Mahi areas are taken over by Narmada and a part of Kadana waters are released for use in Rajasthan, Rajasthan should pay to Gujarat an appropriate cost of dam for such use. The exact proportion will be fixed at the time when such releases become available"

Under Condition No. 5 : "At a later date when Narmada Development takes place and when Mahi areas are fed by the waters of Narmada and the Mahi waters at Banswara are released for use in Rajasthan, Rajasthan should reimburse cost of the Banswara project paid by Gujarat.

Now the State of Gujarat has developed the Narmada Command up to Mahi river crossing but has not switched its area located especially in Kheda district and being irrigated by Mahi waters to the Narmada command.

In view of the above, it is requested that Gujarat should honor the spirit of 1966 agreement and release the quantum of water for utilisation in Rajasthan equivalent to water utilised by Gujarat for irrigating area of Mahi command in Gujarat. -

With regards

Yours Sincerely
Prof. Sanwar lal Jat

Shri Narottan Bhai Patel
Narmada Water Resources.
Water Supply & Kalpsar Department,
Ganganager – Gujarat

Government of Rajasthan

Irrigation Department

No. F 2(4) IMK/94-1 Jaipur, dated 28 July. 2005

Office Order

To sort out the water related bilateral issues with Gujarat and to work out modalites of optimum utilisation of water including assessing the possibility of Rajasthan getting surplus water of Mahi basin, a High Level Technical Committee consisting of following members is herby constituted :

I. Secretary Irrigation. GoR, Jaipur

II. Special Secretary, Irrigation, GoR, Jaipur

III. Addl. Secretary cum Chief Engineer Irrigation, Rajasthan, Jaipur

IV. Chief Engineer, Irrigation, Mahi Project, Banswara, Rajasthan

V. Chief Engineer, Investigation, Design & Research, Irrigation Unit, Jaipur

VI. Addl. Chief Engineer, Irrigation, Jodhpur Zone, Jodhpur, Rajasthan.

Sriram Meena

Dy. Secretary, Irritation

VASUNDHARA RAJE

CHIEF MINISTER RAJASTHAN

D.O. No. PA/Secy./Irr./2005

Jaipur. Dated 23/5/05

Dear Prime Minister,

Rajasthan is a water deficit State, with only 1.16% of water resources, but with 10.4% of the geographical area of the country. The waters of the river Ravi, Beas and sutlej meet the requirements of a very large desert area of the State. This water is in fact the lifeline of this area, and is crucial to the basic infrastructure for economic development in the seven drought prone western districts of the State.

In accordance with a multilateral agreement of 1981, the State has a right to receive 8.60 MAF of the Ravi-Beas waters. But despite our continuous efforts, the State has not yet been given its full share of water, because of certain inter state water disputes, which have been detailed in the enclosed note.

Non resolution of these issues has resulted in protracted litigation between the partner States, and a number of cases are pending before the Supreme Court. All these cases, need to the disposed off on priority.

I would therefore, request you kindly to take appropriate action to get a Special Bench of the Supreme Court constituted for expeditious disposal of the pending Ravi-Beas water Cases which have been filed by the States of Punjab, Haryana and Rajasthan."

With regards,

Yours faithfully

Vasundhara Raje

Dr. Manomohan singh

Hon'ble Prime Minister of India,

New Delhi.

बाड़मेर जिले में वन भूमि के अन्य उपयोग हेतु जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र

32. डा. समरजीत सिंह (भीनमाल) : क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) ग्राम फूलन व बिजोलिया तहसील सिवाणा, जिला बाड़मेर में वन विभाग के नाम कौन-कौन से खसरा नम्बर की भूमि है? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि ग्राम फूलन व बिजौलिया में पिछले 15 वर्षों में अकाल राहत कार्यों के तहत या सामान्य रूप से वृक्षारोपण करवाया गया? यदि हां, तो किस खसरा नम्बर में कितने वृक्षों को लगाया गया व अब मौके पर कितने वृक्ष हैं? इस पर कुल कितनी राशि व्यय की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि उक्त ग्राम की खसरा नम्बर 165 भूमि वन विभाग की सरकार से आबंटित हुई है? यदि हां, तो कब व क्या इस भूमि पर वृक्षारोपण किया गया है? यदि हां, तो वृक्षारोपण किस वर्ष में किया गया?

(4) क्या यह भी सही है कि उक्त भूमि पर वन विभाग द्वारा कुछ व्यक्तियों को अन्य कार्य करने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी कर दिये गये हैं? यदि हां, तो किस कार्य के प्रयोजन हेतु किस-किस व्यक्ति को? सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) वन मण्डल बाड़मेर के अधीन तहसील सिवाना के राजस्व ग्राम फूलन में राजस्व रिकार्ड के अनुसार वन विभाग के खाते में कोई वन भूमि दर्ज नहीं है किन्तु इसके खसरा नं. 165 के 365.54 है. में क्लोजर व पौधारोपण किया जाकर वन विभाग के कब्जे में है तथा इसमें से वन विभाग के रेकार्ड में 160 हैक्टेयर भूमि अवर्गीकृत वन के रूप में वर्ष 1988 से दर्ज है।

(वन एवं पर्यावरण मंत्री)

ग्राम बिजोलिया में खसरा नम्बर 146 रकबा 234.02 बीघा (37.89 हैक्टेयर) भूमि रक्षित वन क्षेत्र घोषित है।

(2) जी हां। राजस्व ग्राम फूलन के खसरा नम्बर 165 व इस खसरे से सटे हुए ग्राम बिजोलिया के खसरा नम्बर 71 में मरू विकास योजना के अन्तर्गत क्लोजर निर्माण, मृदा जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के तहत लगाये गये वृक्षों की संख्या एवं वर्तमान में जीवित वृक्षों की संख्या का खसरावार विवरण परिशिष्ट 'क' पर संलग्न है।

इन वृक्षारोपणों पर रूपये 28.02 लाख की राशि व्यय की गई है।

(3) जी नहीं। राजस्व ग्राम फूलन के खसरा नं. 165 की भूमि वन विभाग को आबंटित नहीं की गई। मगर इस खसरे में विभाग द्वारा वर्ष 1972-73 में अकाल राहत में बनाये गये क्लोजर में वर्ष 1988-89, 1990-91, 1993-94 व 2000-2001 में वृक्षारोपण कराया गया है।

(4) जी नहीं। ग्राम फूलन के खसरा नम्बर 165 व उसके समीपस्थ क्षेत्र में जिसमें कि विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्य करवाया गया है, उस क्षेत्र में आज दिनांक तक विभाग द्वारा अन्य प्रयोजन हेतु कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है। खसरा नम्बर 165 का वह क्षेत्र जो कि वृक्षारोपण क्षेत्र से बाहर आता है, उस क्षेत्र के लिए विभाग द्वारा खनन विभाग के आवेदन पत्रों पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं जिनका विवरण परिशिष्ट 'ख' पर संलग्न है।

परिशिष्ट 'क'

क्र.सं.	नाम ग्राम	खसरा नं.	वृक्षारोपण क्षेत्रफल (है.में)	लगाये गये पौधों की संख्या	जीवित पौधों की संख्या
1.	फूलन	165	361.54	1,77,500	1,15,375
2.	बिजलिया	71	30.75	15090	9809

परिशिष्ट 'ख'

क्र.सं.	नाम खनन पट्टा धारी	एम.एल. नम्बर	अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की दिनांक
1.	राजस्थान स्टोन्स जोधपुर	202/89	24.7.1990
2.	श्रीमती रेखा गोयल	7/90	15.3.1991
3.	बाबूलाल चौधरी	86/91	23.1.1992
4.	आकाश चौपड़ा	222/91	10.2.1992
5.	उपेन्द्र सालेचा	220/91	18.2.1992
6.	अमी चन्द जैन	219/91	18.2.1992
7.	सुरेश चन्द्र भण्डारी	922/91	24.3.1992
8.	मन्जू चौपड़ा	228/91	1.4.1992
9.	मैसर्स फेतेह ग्रेनाईट लि.	271/93	7.3.1994
10.	मैसर्स फेतेह ग्रेनाईट लि.	272/93	7.3.1994
11.	अहिन्सा माइन्स मिनरज	33/93	14.7.1997
12.	मैसर्स फेतेह ग्रेनाईट लि.	231/02	24.2.2005
13.	मैसर्स फेतेह ग्रेनाईट लि.	241/02	24.2.2005
14.	एन. के दायमा जोधपुर	616/02	24.2.2005
15.	गोविन्द नवल/मांगीलाल नवल	428/02	21.7.2005
16.	बजरंग लाल/लादू राम जांगीड़	701/02	21.7.2005
17.	मैसर्स फेतेह ग्रेनाईट लि. जालौर	240/02	26.7.2005
18.	नरपत सिंह/दौलत सिंह जोधपुर	313/02	27.7.2005

गरीबी रेखा से चयनित अनारक्षित वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति

33. डा. चन्द्रशेखर बैद (तारानगर) : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के बी.पी.एल. छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है? यदि हां, तो कब से तथा किस आदेश के तहत? आदेशों की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र तारानगर के कितने बी.पी.एल. छात्रों को वर्ष 2004-05 में छात्रवृत्ति दी गई?

(3) क्या यह सही है कि बी.पी.एल. श्रेणी के सिर्फ अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अलावा शेष बी.पी.एल. छात्रों को वर्ष 2004-05 में छात्रवृत्ति से वंचित रखा गया? यदि हां, तो क्यों?

(4) क्या सरकार छात्रवृत्ति से वंचित बी.पी.एल. छात्रों को छात्रवृत्ति देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं तो क्यों?

उत्तर

(1) जी नहीं।

(2) बी.पी.एल. के नाम से छात्रवृत्ति दिए जाने का प्रावधान नहीं होने के कारण किसी भी छात्र को बी.पी.एल. छात्रवृत्ति नहीं दी गई है।

(3) प्रश्न के भाग संख्या-2 के अनुसार

(4) ऐसा कोई प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

ब्यावर की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत

34. श्री देवीशंकर भूतड़ा (ब्यावर) : क्या कृषि विपणन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) कृषि उपज मण्डी ब्यावर में गत तीन वर्षों में कितनी-कितनी आय हुई? विवरण वर्षवार सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र ब्यावर की कृषि उपज मण्डी द्वारा

(श्री देवी शंकर भूतड़ा)

निर्मित जीर्ण-शीर्ण सड़कों की मरम्मत करवाए जाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) कृषि उपज मण्डी समिति, ब्यावर की गत तीन वर्षो की कुल आय निम्नानुसार है :-

वर्ष	आय (रुपयों में)
2002-03	1,42,83,660
2003-04	1,38,54,000
2004-05	1,38,39,155

(2) मण्डी समिति ब्यावर के पास पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं होने के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराये जाने के प्रस्ताव नहीं लिये गये। मण्डी के पास पर्याप्त धनराशि उपलब्ध होने पर इन सड़कों की मरम्मत पर विचार किया जाना सम्भव होगा।

पश्चिमी राजस्थान के दस्तकारों के कल्याण हेतु कार्य योजना

35. डा. जालमसिंह रावलोत (शिव) : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि बाड़मेर, जैसलमेर एवं जोधपुर जिलों के दसतकारों को पूर्व में 'राजसीको' द्वारा विपणन सहायता उपलब्ध करवाई जाती थी?

(2) क्या सरकार अब भी उक्त दस्तकारों को विपणन सहायता उपलब्ध करवा रही है? यदि हां, तो गत पांच वर्षों में कितने दस्तकारों को कितनी-कितनी विपणन सहायता दी गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार कपड़े पर कांच की कढ़ाई, कशीदाकारी व पेचवर्क आदि कार्य करने वाले दस्तकारों हेतु आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने का

(श्री जालम सिंह रावलोत)

विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों?

(4) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा उक्त दस्तकारों के कल्याण हेतु कोई कार्य योजना बनाई गई है? यदि हां, तो क्या व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां, बाड़मेर एवं जोधपुर जिलों के दस्तकारों द्वारा तैयार किया गया सामान निगम द्वारा विपणन हेतु खरीद किया जाता था।

(2) जी हां, गत पांच वर्षों की सूचना निम्न प्रकार है :-

		बाड़मेर जिला		जोधपुर जिला	
क्र. सं.	सन	दस्तकारों की संख्या	क्रय किये गये सामान का मूल्य	दस्तकारों की संख्या	क्रय किये गये सामान का मूल्य
1.	2000-01	25	11.54 लाख	7	7.64 लाख
2.	2001-02	31	13.00 लाख	5	7.80 लाख
3.	2002-03	22	13.16 लाख	5	7.53 लाख
4.	2003-04	19	9.52 लाख	9	8.57 लाख
5.	2004-05	17	13.40 लाख	6	7.54 लाख

(3) जी नहीं, इस प्रकार की कोई योजना विचाराधीन नहीं है।

(4) प्रदेश के दस्तकारों हेतु राजस्थान हस्तशिल्पी एवं दस्तकार कल्याण कोष की स्थापना की गई है जिसका क्रियान्वयन जिला उद्योग केन्द्रों के मार्फत किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत असाध्य रोगों के इलाज के लिये एवं अन्य मानवीय आधार पर एक मुश्त रुपये 10,000/- तक की नकद सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

60 वर्ष से अधिक आयु के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पुरुस्कृत दस्तकारों को मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना के प्रावधानों के अन्तर्गत रुपये 500/- प्रति माह पेंशन देय होती है।

(उद्योग मंत्री)

सामूहिक सामाजिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत सामूहिक बीमा 18 से 60 वर्ष के हस्तशिल्पों का किया जाता है। बीमा योजना के किसी सदस्य की मृत्यु होने पर नामित को रुपये 20,000/- का भुगतान अपगता पर 25,000/- से 50,000/- का भुगतान योजना के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है।

अकाल निवारण कार्यक्रम के तहत जल संग्रहण हेतु अनुदान

36. श्री बहादुर सिंह गोदारा (नोहर) : क्या अकाल राहत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या सरकार जिन क्षेत्रों/गांवों में पिछले 6 साल से अकाल की स्थिति रही है, को विशेष पैकेज देकर मदद करने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्या तथा कब तक व नहीं, तो क्यों?

(2) क्या सरकार अकाल सहायता की बजाय अकाल निवारण कार्यक्रम चलाकर अकाल का स्थायी हल निकालने का विचार रखती है? यदि हां, तो कैसे व कब तक व नहीं, तो क्यों?

(3) क्या सरकार अकाल निवारण हेतु किसानों को पानी संग्रहण के लिये खेतों में डिग्गियों बनाने के लिये नहरी/बारानी दोनों क्षेत्रों में आने वाला पूरा खर्चा अनुदान में देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(4) क्या सरकार वर्षा पानी के अभाव में नष्ट फसलों का मुआवजा किसानों को देने का विचार रखती है? यदि हां, तो किस दर से कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) राज्य में 6 साल से अकाल की स्थिति बनी हुई है परन्तु विशेष पैकेज देने का नियमों में कोई प्रावधान नहीं है। राज्य सरकार द्वारा जिस वर्ष जिस क्षेत्र में अकाल पड़ता है उसी क्षेत्र में राहत गतिविधियां चलाई जाती हैं।

(2) सहायता विभाग द्वारा आपदा के समय राहत गतिविधियां चलाकर अभावग्रस्त लोगों को रोजगार तथा पशुओं एवं मनुष्यों के लिए पेयजल आदि की व्यवस्था करती है व पशुओं के जीवन रक्षा हेतु चारा व्यवस्था करती है।

(अकाल राहत मंत्री)

अकाल राहत कार्यों में तालाब, एनीकट, बांध आदि का निर्माण भी कराया जाता है जिससे अकाल के निवारण में कुछ सहायता मिलती है।

(3) जी नहीं। राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेती है।

(4) वर्षा पानी के अभाव में नष्ट फसलों का मुआवजा किसानों को देने का अकाल राहत नियमों में कोई प्रावधान नहीं है। अभावग्रस्त जिलों में तात्कालिक सहायता के रूप में राहत कार्य चला कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है।

डेगाना हेतु स्वीकृत हैण्डपम्प

37. श्री रिछपाल सिंह मिर्धा (डेगाना) : क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे : -

(1) विधान सभा क्षेत्र डेगाना में वर्ष 2002 से अगस्त, 2005 के दौरान विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कुल कितने नये हैण्डपम्प खोदे गये व कितनों की स्वीकृति जारी की गई? योजनावार एवं स्थानवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार बकाया हैण्डपम्प कब तक खोदने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) विधान सभा क्षेत्र डेगाना में वर्ष 2002 से अगस्त, 2005 तक 64 हैण्डपम्प स्वीकृत कर 60 हैण्डपम्प खोदे गये जिनमें से 59 सफल हैण्डपम्पों को चालू किया गया व वर्तमान में कार्य कर रहे हैं। योजनावार एवं स्थानवार विवरण परिशिष्ट 'क' व 'ख' पर सलंग्न है।

(2) शेष 4 हैण्डपम्पों के स्थान माननीय विधायक द्वारा परिवर्तित करने के कारण ड्रिल नहीं हुए। 30 नवम्बर. 2005 तक ड्रिल कर चालू कर दिये जायेंगे।

परिशिष्ट "क"

विधान सभा क्षेत्र डेगाना में वर्षवार एवं योजनावार स्वीकृत व चालू हैण्डपम्पों का विवरण

वर्ष	कार्यक्रम															
	ए.आर.पी., स्कूल		विधायक मद		ए.आर. पी नार्मल		ए.आर.पी.डी.एम. (ढाणी मजरा)		पी.एम.जी.वाई.		प्रधानमंत्री घोषणा		ए.आर.पी.डी. डी.पी.		योग	
	स्वीकृत	चालू	स्वीकृत	चालू	स्वीकृत	चालू	स्वीकृत	चालू	स्वीकृत	चालू	स्वीकृत	चालू	स्वीकृत	चालू	स्वीकृत	चालू
2002-2003	4	4	0	0	2	2	0	0	0	0	0	0	0	0	6	6
2003-2004	3	3	0	0	0	0	1	1	4	4	3	3	14	14	25	25
2004-2005	0	0	0	0	0	0	0	0	3	3	28	23	0	0	31	26
2005-2006 (8/2005 तक)	0	0	0	0	0	0	0	0	2	2	0	0	0	0	2	2
योग	7	7	0	0	2	2	1	1	9	9	31	26	14	14	64	59

नोट :- 1 हैण्डपम्प असफल हो गया है एवं शेष 4 हैण्डपम्प 30 नवम्बर, 2005 तक ड्रिल कर चालू कर दिये जायेंगे।

परिशिष्ट "ख"

विधान सभा क्षेत्र डेगाना में वर्ष 2002 से अगस्त, 2005 के दौरान विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत खोदे गये हैण्डपम्पों का स्थानवार विवरण

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	वर्ष	ग्राम का नाम	स्थान का नाम	स्वीकृत हैण्डपम्पों की संख्या	खोदा गया हां/नहीं	वर्तमान स्थिति	विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	ए.आर.पी. स्कूल	2002-03	गुड़ा जोधा	भैयां की नाड़ी	1	हां	चालू	-
2.	ए.आर.पी. स्कूल	2002-03	कालनी	कुम्हारों की ढाणी	1	हां	चालू	-
3.	ए.आर.पी. स्कूल	2002-03	भैरून्दा	सिपाहियों की ढाणी	1	हां	चालू	-
4.	ए.आर.पी. स्कूल	2002-03	बाडी घाटी	मैन गवाड़	1	हां	चालू	-
5.	ए.आर.पी. नार्मल	2002-03	हरसौर	मुल्तानियों की ढाणी	1	हां	चालू	-
6.	ए.आर.पी. नार्मल	2002-03	सूरजगढ़	राईकों की ढाणी	1	हां	चालू	-

1	2	3	4	5	6	7	8	9
7.	ए.आर.पी. डी.एम.	2003-04	थांवला	छापरवालों की ढाणी	1	हां	चालू	-
८.	पी.एम.जी.वाई.	2003-04	भैरून्दा	पीर बाबा का स्थान	1	हां	चालू	-
9.	पी.एम.जी.वाई.	2003-04	ढाणीपुरा	बडलों की ढाणी	1	हां	चालू	-
10.	पी.एम.जी.वाई.	2003-04	थाटा	हरिजन मौहल्ला	1	हां	चालू	-
11.	पी.एम.जी.वाई.	2003-04	मोडी कलां	बेनीवालों का मौहल्ला	1	हां	चालू	-
12.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	कोड	दौलतपुरा	1	हां	चालू	-
13.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	कोड	बायलियों की ढाणी	1	हां	चालू	-
14.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	सूदवाड़	चौयलों की ढाणी	1	हां	चालू	-

1	2	3	4	5	6	7	8	9
15.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	भैरून्दा	राईकों की ढाणी	1	हां	चालू	-
16.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	सूरियास	सूरियास	1	हां	चालू	-
17.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	गुलाबपुरा	कसवां की ढाणी	1	हां	चालू	-
18.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	हरसौर	तलेछों की ढाणी	1	हां	चालू	-
19.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	डोडियाणा	ऊपरवालों का बास	1	हां	चालू	-
20.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	बनवाड़ा	दलालों की ढाणी	1	हां	चालू	-
21.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	कल्याणपुरा	खिंचियों की ढाणी	1	हां	चालू	-
22.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	जसवंतपुरा	चोयलों की ढाणी	1	हां	चालू	-
23.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	डोडियाणा	रामदेवजी का थान	1	हां	चालू	-
24.	ए.आर.पी.डी.डी.पी.	2003-04	हरसौर	सैकण्डरी स्कूल	1	हां	चालू	-
25.	ए.आर.पी.डी.डी.पी	2003-04	मोडी कलां	नाथों की ढाणी	1	हां	चालू	-

1	2	3	4	5	6	7	8	9
26.	ए.आर.पी. स्कूल	2003-04	निम्बोला बिसया	ग्वारचियों की ढाणी	1	हां	चालू	-
27.	ए.आर.पी. स्कूल	2003-04	डोडियाणा	जंगलियों की ढाणी	1	हां	चालू	-
28.	ए.आर.पी. स्कूल	2003-04	सथाना कलां	बावलियों की ढाणी	1	हां	चालू	-
29.	प्रधानमंत्री घोषणा	2003-04	बनवाड़ा	गमडाराम की ढाणी	1	हां	चालू	-
30.	प्रधानमंत्री घोषणा	2003-04	बनगाड़ा	आहूतों की ढाणी	1	हां	चालू	-
31.	प्रधानमंत्री घोषणा	2003-04	बनवाड़ा	माना हाऊस	1	हां	चालू	-
32.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	रातातुंडा	आसन स्कूल	1	हां	चालू	-
33.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	मुण्डेलपुरा	स्कूल	1	हां	चालू	-
34.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	लाखिना	स्कूल	1	हां	चालू	-

1	2	3	4	5	6	7	8	9
35.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	हरसौर	ईदगाह के पास	1	हां	चालू	-
36.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	हरसौर	शशि कालोनी	1	हां	चालू	-
37.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	हरसौर	बावरियों का बास	1	हां	चालू	-
38.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	हरसौर	मिज बावड़ी	1	हां	चालू	-
39.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	मुण्डेलपुरा	हथाई	1	हां	चालू	-
40.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	शाहपुरा	डेर नाडी	1	हां	चालू	-
41.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	थांवला	मस्जिद के पास	1	हां	चालू	-
42.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	ढाणीपुरा	जस्सू खां की ढाणी	1	हां	चालू	-
43.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	निम्बोला बिसवा	ताल की ढाणी	1	हां	चालू	-
44.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	निम्बोला बिसवा	चौहानों की ढाणी	1	हां	चालू	-

1	2	3	4	5	6	7	8	9
45.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	ढाणीपुरा	आसन फांटा	1	हां	चालू	-
46.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	रातातुंडा	कागटों की ढाणी	1	हां	चालू	-
47.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	रातातुंडा	बडलों की ढाणी	1	हां	चालू	-
48.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	शेखपुरा	चौकीदारों का मौहल्ला	1	हां	चालू	-
49.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	शेखपुरा	थांवला रोड पर	1	हां	चालू	-
50.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	शेखपुरा	पचारों की ढाणी	1	हां	चालू	-
51.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	थांवला	माठो की ढाणी	1	हां	चालू	पुरानी स्वीकृति-शिवकरण चौपड़ा के मकान के पास, आलनियावास रोड पर-कालनी
52.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	कालनी	मैरासी की ढाणी	1	हां	चालू	-
53.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	कालनी	डूंगजी कुमावत के कुएं के पास	1	हां	चालू	-

1	2	3	4	5	6	7	8	9
54.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	थांवला	गणेशजी लाभूजी डोडा बेरा	1	हां	चालू	-
55.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	थांवला	सिपाहियों की ढाणी	1	नहीं	-	30 नवम्बर, 05 तक ड्रिल कर चालू कर दिये जायेंगे। पुरानी स्वीकृति-रेटिया भैंरूजी-थांवला
56.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	बाडीघाटी	माताजी के मंदिर के सामने	1	नहीं	-	30 नवम्बर, 05 तक ड्रिल कर चालू कर दिये जायेंगे। पुरानी स्वीकृति-डेर की नाडी-लाखिना
57.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	बाडी घाटी	गिवारियों की ढाणी	1	नहीं	-	30 नवम्बर, 05 तक ड्रिल कर चालू कर दिये जायेंगे। पुरानी स्वीकृति-कुडियों की ढाणी-कालनी

1	2	3	4	5	6	7	8	9
58.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	कोड	तेतरवालों की ढाणी	1	हां	असफल होने के कारण चालू नहीं किया गया	पुरानी स्वीकृति-अमरदास के बाडे के पास-कालनी
59.	प्रधानमंत्री घोषणा	2004-05	थांवला	गेदरों की ढाणी	1	नहीं	-	30 नवम्बर, 05 तक ड्रिल कर चालू कर दिये जायेंगे। पुरानी स्वीकृति-ढाका की ढाणी-गुढा जगमालोता
60.	पी.एम.जी.वाई.	2004-05	भैरूंदा	भैरूंदा	2	हां	चालू	
61.	पी.एम.जी.वाई.	2004-05	सनेडिया	सनेडिया	1	हां	चालू	
62.	पी.एम.जी.वाई.	2005-06	राक्यासनी	राक्यासनी	1	हां	चालू	
63.	पी.एम.जी.वाई.	2005-06	जसवन्त पुरा	जसवन्तपुरा	1	हां	चालू	
	योग				64	60	59	

बूंदी जिले में एक्सेस रायल्टी का ठेका प्रकरण

38. **श्रीमती ममता शर्मा (बूंदी) :** क्या खनिज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा बूंदी जिले में एक्सस रायल्टी के ठेके निजी व्यक्तियों को दिये गये हैं? यदि हां, तो दिनांक 1 जनवरी, 2001 से अब तक किस-किस को कितनी-कितनी राशि का ठेका दिया गया? आदेश की प्रति सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या ठेकेदारों द्वारा पूरी राशि विभाग में जमा करा दी गई है? यदि हां, तो किस-किस तारीख को कितनी-कितनी राशि जमा की गई? जमा की गई राशि तथा ठेकेदारों की तरफ निकल रही बकाया राशि का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि ठेकेदारों द्वारा सोल्वेन्सी एवं वेल्यूएशन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये गये हैं? यदि हां, तो किस-किस मामले में किस-किसके द्वारा? ठेके जारी करने वाले के नाम सहित सम्पत्ति का ठेकेवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि ठेकेदारों से पूरी राशि वसूल नहीं हो पा रही है? यदि हां, तो इसके लिये कौन जिम्मेदार है?

(5) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा ठेकेदारों से बकाया राशि वसूलने के लिए कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो पूरी राशि कब तक वसूल की जा सकेगी?

उत्तर

(1) जी हां। यह सही है कि सरकार द्वारा बूंदी जिले में एक्सेस रायल्टी के ठेके निजी व्यक्तियों को दिये हैं। बूंदी जिले में 1 जनवरी, 2001 से अब तक किस-किस को कितनी-कितनी राशि के ठेके दिए गए का विवरण परिशिष्ट-1 में संलग्न है। आदेश की प्रति संलग्न है।

(2) बूंदी जिले में एक्सेस रायल्टी ठेकेदारों में से केवल मात्र एक ठेकेदार श्री रामस्वरूप शर्मा द्वारा ठेके की बकाया राशि रू. 266.04 लाख जमा

(खनिज मंत्री)

नहीं कराई है शेष के विरुद्ध कोई बकाया नहीं है। ठेकेदारों द्वारा जमा करायी गई राशि तथा उनकी तरफ निकल रही राशि की विगत परिशिष्ट-2 में संलग्न है।

(3) जी हां। प्रचलित नियमों के अनुरुप ठेकेदार द्वारा उचित हैसियत प्रमाण-पत्र, प्रतिभूति राशि एवं बैंक गारण्टी प्रस्तुत किया जाता है। ठेकेदारों द्वारा किस-किस मामले में प्रस्तुत प्रमाण-पत्र किस-किस के द्वारा जारी किया गया, उनके नाम सहित सम्पत्ति का विवरण परिशिष्ट-3 में संलग्न है।

(4) जी हां। केवल मात्र एक ठेकेदार श्री रामस्वरूप शर्मा से ठेका राशि रू. 266.04 लाख की वसूली नहीं हो पा रही है। माननीय राज. उच्च न्यायालय से यथास्थिति के आदेश दिनांक 21.5.2004 होने के कारण बकाया बढ़ती रही। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा यथास्थिति के आदेश दिनांक 29.10.2004 को वेकेट होने पर उसी दिन नियमानुसार प्रतिभूति राशि जप्त करते हुए ठेका खण्डित कर दिया गया। बकाया राशि की भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत वसूली की कार्यवाही जारी है। इसके लिये विभाग के कोई अधिकारी/कर्मचारी दोषी नहीं है।

(5) जी हां। सरकार द्वारा ठेकेदारों से बकाया राशि भू-राजस्व अधिनियम के तहत वसूल करने की कार्यवाही की जा रही है। वसूली हेतु प्रयास जारी है, निश्चित समय सीमा बताया जाना सम्भव नहीं है।

(विवरण विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखा गया)

जोधपुर शहर के जीर्ण-शीर्ण विद्यालय भवन

39. **श्रीमती सूर्यकान्ता व्यास** (जोधपुर) : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र जोधपुर शहर में कितने प्राथमिक उच्च, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं बालिका विद्यालयों के भवन जर्जर अवस्था में हैं? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय भवनों का सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है? यदि हां, तो इनका कब-कब निरीक्षण किया गया व कितने विद्यालय जर्जर पाये गये? सरकार द्वारा उनकी मरम्मत पर गत तीन वर्षों में कितनी राशि व्यय की गई?

(श्री सूर्यकान्ता व्यास)

(3) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र जोधपुर शहर के प्राचीन विद्यालय भवनों की मरम्मत करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

उत्तर

(1) विधान सभा क्षेत्र जोधपुर शहर में 9 प्राथमिक विद्यालय, 12 उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं 5 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवन क्षतिग्रसत हैं। सूची परिशिष्ट "क" संलग्न है।

(2) सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा समय-समय पर राजकीय भवनों के निरीक्षण करने की व्यवस्था है। माह दिसम्बर 02, फरवरी 03, मार्च 03, जुलाई 03, मार्च, 04, नवम्बर 04, दिसम्बर 04 को सार्वजनिक निर्माण के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किये गये। वर्ष 2005 में किये गये निरीक्षणों में 9 विद्यालयों के भवन असुरक्षित पाये गये। शिक्षा विभाग तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा गत तीन वर्षो में 11,67,797 रुपये विद्यालयों की मरम्मत हेतु व्यय किये गये।

(3) राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत उपलब्ध वित्तीय प्रावधानों के अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों के भवनों की मरम्मत करवाने के लिये प्रयासरत है।

परिशिष्ट "क"

जोधपुर शहर विधान सभा क्षेत्र के क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की सूची

क्र.सं.	विद्यालय का नाम
1.	राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय जालौरी गेट, जोधपुर।
2.	राजकीय प्राथमिक विद्यालय फतेहपोल, जोधपुर।
3.	राजकीय प्राथमिक विद्यालय श्यामसदन, जोधपुर।
4.	राजकीय प्राथमिक विद्यालय सासी कालोनी, जोधपुर।
5.	राजकीय प्राथमिक विद्यालय गणेश मंदिर, जोधपुर।
6.	राजकीय प्राथमिक विद्यालय कांगड़ी, जोधपुर।
7.	राजकीय प्राथमिक विद्यालय वीर मौहल्ला, जोधपुर।
8.	राजकीय प्राथमिक विद्यालय मण्डौर नं.-1, जोधपुर।

9. राजकीय प्राथमिक विद्यालय जालमसिंह का हत्था, जोधपुर।
10. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोतवाली, जोधपुर।
11. राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्बा, जोधपुर।
12. राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय चांदपोल, जोधपुर।
13. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जालप मौहल्ला, जोधपुर।
14. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रताप, जोधपुर।
15. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्बा, जोधपुर।
16. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ईसाइयों का कब्रिस्तान, जोधपुर।
17. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सर्राफा बाजार, जोधपुर।
18. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय न्यू मण्डी, जोधपुर।
19. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय महिलाबाग, जोधपुर।
20. राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सूरसागर, जोधपुर।
21. राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय महामंदिर जोधपुर।
22. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महिलाबाग, जोधपुर।
23. राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपोल, जोधपुर।
24. राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ह्यूसन मण्डी, जोधपुर।
25. राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजमहल, जोधपुर।
26. राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जालौरी गेट, जोधपुर।

लालगढ़ जाटान (श्रीगंगानगर) कृषि उपज मण्डी के निर्माण पर व्यय

40. श्री गुरजंट सिंह बराड़ (संगरिया) : क्या कृषि विपणन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) सरकार द्वारा लालगढ़ जाटान (जिला श्रीगंगानगर) में कृषि उपज मण्डी समिति के निर्माण कार्य पर अब तक कितनी राशि व्यय की गई?

((श्री गुरजंट सिंह बराड़)

(2) क्या यह सही है कि इस कृषि उपज मण्डी समिति में निर्माण कार्य शेष है?

(3) क्या यह सही है कि इस कृषि उपज मण्डी समिति को अभी तक शुरू नहीं किया गया है? यदि हां, तो क्यों?

(4) क्या सरकार इस कृषि उपज मण्डी समिति को कब तक शुरू करने का विचार रखती है?

उत्तर

(1) कृषि उपज मण्डी समिति (गौण मण्डी प्रांगण) लालगढ़ जाटान के निर्माण पर अब तक 95.28 लाख रुपये राशि व्यय हुई।

(2) जी नहीं।

(3) मण्डी के उत्तर दिशा की ओर रास्ते के विवाद के कारण चार दिवारी का निर्माण नहीं होने एवं व्यापारियों द्वारा दुकानों का किराया कम किये जाने की मांग के कारण व्यापार शुरू नहीं हुआ।

(4) उक्त विवादों के निपटारे के बाद 20 आबंटियों द्वारा दुकानों का कब्जा प्राप्त कर लिया गया है। गौड मण्डी यार्ड लालगढ़ के नवीन निर्मित प्रांगण में आगामी कपास के सीजन में व्यापार शुरू होना सम्भावित है।

लूणी (जोधपुर) तहसील क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र हेतु अवाप्त भूमि के विस्थापित काश्तकार

41. श्री जोगाराम पटेल (लूणी) : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) सरकार द्वारा बोरानाड़ा औद्योगिक क्षेत्र के लिए सभी चरणों सहित रीको के लिए कुल कितनी भूमि समय-समय पर अवाप्त की गई? अवाप्त शुदा भूमि में से कितनी भूमि कब किस उद्यमी को आबंटित की गई? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार ग्राम नन्दवान, हीरखेड़ा व बोरानाड़ा, तहसील लूणी, जिला जोधपुर की भूमि रीको के लिए अवाप्त करने का विचार रखती है? यदि हां, तो किस प्रयोजनार्थ व कितनी?

(श्री जोगाराम पटेल)

(3) क्या उक्त तीनों ग्रामों की सम्पूर्ण भूमि अवाप्त हो जाने से पूर्ण रुपेण बेघर व भूमिहीन होने जा रहे काश्तकारों के जीवनयापन से सम्बन्धित कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) सरकार ने बोरानाड़ा औद्योगिक क्षेत्र के लिए सभी चरणों सहित रीको के लिए समय समय पर अवाप्त की गई भूमि की सूचना निम्न प्रकार है :-

क्र.सं.	औद्योगिक क्षेत्र	कब्जा/अवार्ड घोषित दिनांक	अवाप्त भूमि (सरकारी) (निजी)
1.	बोरानाड़ा प्रथम चरण	10.11.84 (कब्जा प्राप्त)	269-11 बीघा सरकारी (107.82 एकड़)
2.	द्वितीय चरण	03.04.89 (कब्जा प्राप्त)	318.00 बीघा, सरकारी (127.20 एकड़)
3.	तृतीय चरण	25.8.94 (अवार्ड घोषित)	405.05 बीघा, निजी (162.10 एकड़)
4.	चतुर्थ चरण	19.4.96 (अवार्ड घोषित)	2403-14 बीघा, निजी (961.48 एकड़)
	कुल		3396-10 बीघा (1358.60 एकड़)

औद्योगिक क्षेत्र बोरानाडा के सभी चरणों हेतु अवाप्त कुल 1358.60 एकड़ भूमि के नियोजन के पश्चात उपलब्ध बेचने योग्य औद्योगिक भूमि 749.69 एकड़ मे से 558.59 एकड़ भूमि का आबंटन उद्यमियों को किया जा चुका है। सूचा परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है।

(2) सरकार द्वारा ग्राम बोरानाड़ा, सालावास व हरखंड़, तहसील लूणी जिला जोधपुर में कुल [illegible]148-11-12 बीघा निजी खातेदारी भूमि को रीको लि. [illegible] प्रयोजनार्थ अवाप्त की जा रही है जिसके लिए अधिसूचना

(उद्योग मंत्री)

अन्तर्गत धारा 4 भूमि अवाप्ति अधिनियम 1894 दिनांक 04.08.2005 को जारी की जा चुकी है। वर्तमान में ग्राम नन्दवान तहसील लूणी जिला जोधपुर की भूमि अवाप्ति का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(3) अवाप्तिधीन भूमि का अवार्ड घोषित होने पर भूमि अवाप्ति अधिकारी द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि का भुगतान संबंधित खातेदारों को रीको लिमिटेड द्वारा भूमि अवाप्ति अधिकारी के माध्यम से किया जावेगा। उक्त मुआवजे से खातेदार अपने जीवन यापन के लिये नये संसाधन जुटा सकेंगे। भूमि के अधिग्रहण के पश्चात लगने वाले उद्योगों से रोजगार के अनेक नए अवसर सृजित होंगे जिसका लाभ ग्रामवासियों को भी मिलेगा।

(सूची विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखी गयी)

अतारांकित प्रश्नोत्तर

वर्ष 2004-05 में स्थापित उद्योगों में विनियोजन

38. **श्री शान्ति लाल चपलोत (मावली)** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) राज्य में वर्ष 2004 व 2005 में कुल कितने उद्योग स्थापित किए गए? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त वर्षों में उद्योगों में कितने-कितने रुपयों का विनियोजन किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) वर्ष 2004 व 2005 में कुल कितने लोग उद्योग में श्रमिक बतौर लगे? संख्या सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) राज्य में वर्ष 2004 में केवल 01 इकाई वृहद स्तर की मै. भंसाली इंजीनियरिंग पोलीमर्स लि. आबूरोड़ (सिरोही) में स्थापित हुई है। वर्ष 2005 में (माह अगस्त, 2005 तक) वृहद स्तर की कोई इकाई स्थापित नहीं हुई। वर्ष 2004 में कुल 11,424 आर्टिजन एवं लघु उद्योग स्थापना उपरांत पंजीकृत हुए है एवं वर्ष 2005 में माह जनवरी, 2005 से अगस्त, 2005 तक कुल 7,234 आर्टिजन एवं लघु उद्योग पंजीकृत हुए हैं। जिलेवार संख्या सूची सलंग्न है।

(2) उक्त वर्षों में उक्त 01 वृहद उद्योग में 11,774.18 लाख रुपये का विनियोजन किया गया तथा पंजीकृत आर्टिजन एवं लघु उद्योगों के माध्यम से वर्ष 2004 में कुल 30180.19 लाख रुपये का एवं वर्ष 2005 में माह जनवरी, 2005 से माह अगस्त, 2005 तक कुल 19020.02 लाख रुपये का विनियोजन किया गया है।

(3) वर्ष 2004 में उक्त वृहद उद्योग में 172 लोगों को रोजगार सुलभ हुआ तथा आर्टिजन एवं लघु उद्योग में वर्ष 2004 में कुल 42526 तथा वर्ष 2005 में माह जनवरी, 2005 से अगस्त, 2005 तक 29152 व्यक्ति श्रमिक बतौर नियोजित हुए हैं। सूची सलंग्न है।

वर्ष 2004 व 2005 में स्थापित उद्योगों का पंजीयन, नियोजन एवं विनियोजन की सूची

क्र. सं.	जिला	वर्ष 2004			वर्ष 2005		
		पंजीयन	नियोजन	विनियोजन	पंजीयन	नियोजन	विनियोजन
1.	अजमेर	536	2292	5808.75	328	1278	2284.27
2.	अलवर	371	1446	812.03	175	663	343.42
3.	बांसवाड़ा	240	1395	69.02	89	263	51.19
4.	बारां	164	493	48.52	99	278	25.91
5.	बाड़मेर	171	841	938.19	76	335	266.54
6.	भरतपुर	263	72	142.00	195	992	523.22
7.	भीलवाड़ा	518	1848	1026.84	416	1525	1367.41
8.	भिवाड़ी	359	1218	9210.48	205	1278	1596.11
9.	बीकानेर	679	2397	1444.48	304	1433	2307.08
10.	बून्दी	171	407	38.60	96	255	32.27
11.	चित्तौडगढ़	278	976	362.35	184	630	137.16
12.	चूरू	195	1010	348.88	93	378	192.19
13.	दौसा	344	1082	63.87	261	706	46.88
14.	धौलपुर	117	495	386.23	73	265	516.63
15.	डूंगरपुर	136	405	38.81	62	176	23.26
16.	हनुमानगढ़	177	1190	226.99	74	738	95.20
17.	जयपुर (ग्रा.)	528	2193	1112.14	366	1798	1224.38
18.	जयपुर (श.)	566	2745	2019.64	466	2615	2686.69
19.	जैसलमेर	121	265	143.91	183	507	244.41
20.	जालौर	150	466	135.61	57	411	333.06

क्र. सं.	जिला	वर्ष 2004			वर्ष 2005		
		पंजीयन	नियोजन	विनियोजन	पंजीयन	नियोजन	विनियोजन
21.	झालावाड़	164	613	149.46	94	228	93.54
22.	झुन्झुनू	224	823	152.15	167	695	105.93
23.	जोधपुर	820	2990	963.18	846	2552	407.63
24.	करौली	203	781	137.53	85	291	44.73
25.	कोटा	601	1896	250.50	330	1109	243.94
26.	नागौर	810	2498	776.04	468	1111	319.67
27.	पाली	431	1217	156.23	217	823	233.73
28.	राजसमन्द	279	751	487.91	209	837	1046.76
29.	स.माधोपुर	230	567	80.52	139	441	107.19
30.	सीकर	236	906	130.90	106	411	142.33
31.	सिरोही	220	735	878.06	112	433	505.55
32.	गंगानगर	259	2563	524.72	127	899	469.48
33.	टौंक	270	1019	314.05	192	972	268.75
34.	उदयपुर	593	1931	801.56	340	1826	733.51
	योग	11424	42526	30180.19	7234	29152	19020.02

पाली एवं बालोतरा के छपाई उद्योगों से जल प्रदूषण

39. श्री खुशवीर सिंह जोजावर (खारची) : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि छपाई उद्योगों में जल प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र लगाया जाना नियमानुसार आवश्यक है? यदि हां, तो पाली व बालोतरा (बाड़मेर) में कितने छपाई उद्योग वर्तमान में कार्यरत हैं व क्या इन सभी में जल प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र लगे हुए हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

(श्री खुशवीर सिंह जोजावर)

(2) उक्त क्षेत्र में ऐसे कितने उद्योग हैं जिनमें संयंत्र नहीं लगे हुये हैं, व मौके पर उद्योग चालू हैं? क्या यह सही है कि जिन उद्योगों में जल प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र नहीं लगे हुए हैं उन द्वारा सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उद्योगों को चालू रख रखा है या अवैध रूप से संचालित किये हुए हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा उद्योगों की नियमित जांच का प्रावधान किया गया है? यदि हां, तो पाली में कार्यरत उद्योगों की गत तीन वर्षों में कब-कब किस-किस अधिकारी द्वारा जांच की गई? जांच में क्या कमियां पाई गईं? इनके निराकरण के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि पाली शहर में जल प्रदूषण नियंत्रण कमेटी का गठन किया हुआ है? यदि हां, तो वर्तमान में यह कितने समय के लिये गठित की जाती है व इसके सदस्य कौन-कौन हैं? सूची सदन की मेज पर रखें।

(5) क्या सरकार इन उद्योगों से हो रहे जल प्रदूषण को रोकने के लिये कोई ठोस कदम या योजना बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्या?

उत्तर

(1) 1. जी हां। छपाई उद्योगों में जल प्रदूषण नियंत्रण हेतु उपचार संयंत्र लगाया जाना नियमानुसार आवश्यक है।

2. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा पाली में 302 छपाई उद्योग चिन्हित किये हैं जिनमें से 287 उद्योग पाली स्थित संयुक्त उपचार संयंत्रों से जुडे हैं। गैर औद्योगिक क्षेत्र के 15 उद्योग संयुक्त उपचार संयंत्रों से नहीं जुडे हैं, न ही इनके पास उपचार की अपनी व्यवस्था है।

3. बालोतरा में छपाई के 61 उद्योग चिन्हित किये हैं जो कार्यरत संयुक्त उपचार संयंत्र से जुडे हैं।

(2) 1. पाली में गैर औद्योगिक क्षेत्र के 15 उद्योग संयुक्त उपचार संयंत्रों से नहीं जुडे हैं, न ही इनके पास उपचार की अपनी व्यवस्था है।

(उद्योग मंत्री)

2. जी नहीं। राज्य प्रदू.ण नियंत्रण मण्डल द्वारा ऐसे किसी उद्योग को अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया है जो बिना उपचार संयंत्र के कार्यरत है।

(3) 1. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा समूह में स्थापित लघु वस्त्र उद्योगों को लाल श्रेणी के अन्तर्गत चिन्हित किया गया है एवं इनकी जांच 18 माह में एक बार किया जाना अपेक्षित होता है।

2. पाली में कार्यरत छपाई उद्योगों की गत तीन वर्षो में राज्य मण्डल के निम्न अधिकारियों द्वारा जांच की गई :-

- राज्य मण्डल मुख्यालय द्वारा गठित दल के अधिकारियों, जिनमें श्री जगदीश सिंह (क्षेत्रीय अधिकारी पाली) श्री विजय कुमार कट्टा, कनिष्ठ अभियन्ता (क्षे. का उदयपुर) श्री राजेन्द्र बोडा, कनिष्ठ अभियन्ता (क्षे. का. जोधपुर) श्री राकेश छींगडा कनिष्ठ अभियन्ता (क्षे.का. पाली) श्री नीरत शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता (क्षे. का पाली) एवं श्री अनिल कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता (क्षे. का. पाली) द्वारा जांच की दिनांक 5-18 अप्रैल, 2004

-श्री अनिल कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता, क्षे. का. पाली द्वारा जांच की दिनांक 2.8.2002, 23.9.2002, 1.10.2002, 18.10.2002, 30.10.2002, 5.12.2002, 13.3.2003, 23.4.2003, 19.1.2004, 17.9.2005

-श्री जगदीश सिंह, क्षे. अधिकारी, पाली द्वारा जांच की दिनांक 12.7.2002, 2.8.2002, 23.9.2002 1.10.2002, 18.10.2002, 5.12.2002, 13.3.2003, 21.1.2003, 30.1.2003, 31.1.2003, 7.4.2005, 22.4.2003, 23.4.2003, 19.1.2004, 31.1.2004

- श्री राकेश छींगड़ा, कनिष्ठ अभियन्ता, क्षे. का. पाली द्वारा जांच की दिनांक 18.10.2002, 21.1.2003 30.1.2003, 31.1.2003, 22.4.2003, 23.4.2003, 21.6.2003, 19.8.2003, 19.1.2004, 31.1.2004

श्री नीरज शर्मा, कनिष्ठ, अभियन्ता, क्षे. का. पाली द्वारा जांच की दिनांक 12.7.2002, 26.9.2002, 26.6.2004, 1.11.2004

राज्य मण्डल के अधिकारियों द्वारा की गई जांच में विभिन्न उद्योगों में मुख्यत: निम्न कमियां पाई गईं :-

(उद्योग मंत्री

1- उद्योग ने प्राथमिक उपचार संयंत्र स्थापित नहीं किया था।

2- उद्योग संयुक्त उपचार संयंत्र से कच्चे नाले के द्वारा जुड़ा था।

3- उद्योग किसी भी संयुक्त उपचार संयंत्र से नहीं जुड़ा था।

राज्य मण्डल द्वारा जांच में पाई गई कमियों को दूर करने हेतु निम्न कार्यवाही की गई :-

1- जिन उद्योगों ने प्राथमिक उपचार संयंत्र नहीं स्थापित कर रखे थे उन्हें जल प्रदूषण (निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 33 ए के अन्तर्गत दिनांक 13.5.2004 को बन्द किये जाने के निर्देश देने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किये गये।

2- ऐसे उद्योग जो संयुक्त संयंत्र से कच्चे नाले से जुडे थे उन्हें जल प्रदूषण (निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 33ए के अन्तर्गत दिनांक 13.5.2004 को बन्द करने के निर्देश जारी किये गये। राज्य मण्डल के निर्देश दिनांक 13.5.2004 के विरुद्ध पाली स्थित कतिपय उद्योगों द्वारा रिट याचिका दायर की गई है जिनमें माननीय उच्च न्यायालय ने राज्य मण्डल के आदेश को स्थगित कर दिया है।

3- ऐसे उद्योग जो किसी संयुक्त उपचार संयंत्र से नहीं जुडे थे उन्हें जल प्रदूषण (निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 33 ए के अन्तर्गत दिनांक 13.5.2004 को बन्द करने के निर्देश जारी किये गये।

(4) यह सही है कि पाली शहर में जल प्रदूषण की समस्या के समाधान हेतु पाली जल प्रदूषण नियंत्रण, परिशोधन एवं अनुसंधान फाउण्डेशन का गठन 17 दिसम्बर, 1994 को किया गया। इस फाउण्डेशन के जिला कलक्टर, पाली पदेन अध्यक्ष सहित कुल 25 सदस्यों को मिलाकर फाउण्डेशन के बोर्ड आफ ट्रस्टीज का गठन किया गया है। सूची परिशिष्ट "अ" पर सलंग्न है।

(5) इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा मंत्रिमण्डलीय उप समिति का गठन किया गया तथा समिति की रिपोर्ट को मंत्रिमण्डल के अनुमोदन उपरांत सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। वर्तमान

(उद्योग मंत्री)

में पाली एवं बालोतरा में प्रदूषण नियंत्रण हेतु की जा रही कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है।

पाली

1- पाली जल प्रदूषण नियंत्रण, परिशोधन एवं अनुसंधान फाउण्डेशन द्वारा पाली में तीन संयुक्त उपचार संयंत्रों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें इन इकाईयों को प्रदूषित उच्छिष्ठ का उपचार किया जाता है। इनमें से दो संयुक्त उपचार संयंत्र मण्डिया रोड औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है जिनकी क्षमता 5200 केएलडी व 8400 केएलडी है। एवं एक संयुक्त उपचार संयंत्र पुनापता रोड़ पर स्थित है जिसकी क्षमता 9080 के.एल.डी. है।

2- औद्योगिक क्षेत्र प्रथम व द्वितीय में स्थापित वस्त्र उद्योगों के वेस्ट वाटर को पुनापता रोड़ स्थित संयुक्त उपचार संयंत्र (तृतीय) तक पहुंचाने हेतु पक्के नाले का निर्माण फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा करवाया जा रहा है।

3- कार्यरत तीनों संयुक्त उपचार संयंत्रों (सी.ई.टी.पी.) के अपग्रेडेशन हेतु फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा मैसर्स एडवेन्ट एनवापरोकेपर टेक्नोलोजी प्रा.लि. अहमदाबाद को लेटर आफ इन्टेट जारी किया जा चुका है। कार्यादेश जारी किया जाना है।

4- रीको लिमिटेड द्वारा ग्राम पुनापता के पास नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की कार्यवाही की जा रही है।

5- वस्त्र मंत्रालय (टैक्सटाईल मिनिस्ट्री) भारत सरकार ने टी.सी.आई.डी. स्कीम के तहत संयुक्त उपचार संयंत्रों को क्रमोन्नत करने हेतु रुपये 18.865 करोड़ की स्वीकृति दी है। इस योजना में नाला निर्माण के अन्तर्गत रुपये 66.87 लाख का पुनर्भरण भी वस्त्र मंत्रालय द्वारा किया जा चुका है।

बालोतरा

1- बालोतरा वाटर पोल्यूशन कन्ट्रोल एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा बालोतरा में स्थापित वस्त्र उद्योगों के वेस्टवाटर को उपचारित करने के लिए एक संयुक्त उपचार संयंत्र का संचालन किया जा रहा है।

(उद्योग मंत्री)

2- स्थापित संयुक्त उपचार संयंत्र की क्षमता बढ़ाने के लिए एक अतिरिक्त उपचार संयंत्र स्थापित किया जा रहा है जिसकी क्षमता 12 एमएलडी की है एवं इसकी अनुमानित लागत 6.79 करोड़ रुपये है। इस अतिरिक्त संयुक्त उपचार संयंत्र का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

3- राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के प्रयासों एवं प्रोत्साहन के फलस्वरूप सभी छपाई उद्योगों ने प्राथमिक उपचार संयंत्र स्थापित कर लिये हैं।

परिशिष्ट "अ"

पाली जल प्रदूषण नियंत्रण परिशोधन एवं अनुसंधान फाउण्डेशन, मंडिया रोड, पाली

क्र.सं.	न्यासी का नाम	न्यासोगण की सूची पद
अ– अध्यक्ष		
1.	जिला कलक्टर, पाली	अध्यक्ष
ब– जन प्रतिनिधि		
1-	सांसद, पाली	न्यासी
2-	विधायक, पाली	न्यासी
3-	सभापति, नगर परिषद	न्यासी
स– औद्योगिक संघ प्रतिनिधि		
1–	राजस्थान टेक्सटाईल हेण्ड प्रोसेसर्स एसोसियेशन चार प्रतिनिधि	न्यासी
2-	मंडिया रोड एसोसियेशन दो प्रतिनिधि	न्यासी
3-	औद्योगिक एसोसियेशन फेज प्रथम व द्वितीय दो प्रतिनिधि	न्यासी
4-	महावीर उद्योग नगर एसोसियेशन एक प्रतिनिधि	न्यासी
5-	राजस्थान टेक्सटाईल प्रोसेसर्स एसोसियेशन एक प्रतिनिधि	न्यासी

क्र.सं.	न्यासी का नाम	न्यासोगण की सूची पद
6-	पाली टेक्सटाईल हैण्ड प्रोसेस एसोसियेशन एक प्रतिनिधि	न्यासी
7-	पाली ड्राइंग प्रोसर्स एसोसियेशन एक प्रतिनिधि	न्यासी
य- राज्य सरकार के द्वारा मनोनीत		
1-	क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको लि. पाली	न्यासी
2-	अधिशासी अभियन्ता, जेवीवीएन, पाली	न्यासी
3-	अधिशासी अभियन्ता, पी.एच.ई.डी. पाली	न्यासी
4-	महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र,	न्यासी
5-	आयुक्त, नगर परिषद, पाली	न्यासी
र- जिला कलेक्टर महोदय द्वारा मनोनीत दो प्रतिनिधि		
ल- बोर्ड आफ ट्रस्टीज से मनोनीत		
1-	अतिरिक्त जिला कलक्टर, पाली	न्यासी
2-	उपखण्ड अधिकारी, महोदय, पाली	न्यासी

[illegible] संसाधनों में वृद्धि हेतु फिक्की से समझौता

[illegible] डा. [illegible]न्द्रशेखर बैद (तारानगर) : क्या उद्यो[illegible] मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे -

[illegible] [illegible]कार और [illegible]क्की [illegible] इण्डस्ट्रीज चैम्बर [illegible] [illegible]अगस्त [illegible] 2005

(श्री चन्द्रशेखर बैद)

तक एम.ओ.यू. (मेमोरण्डम आफ अण्डरस्टेण्डिग) पर हस्ताक्षर किये गये हैं? यदि हां, तो एम.ओ.यू. की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त एम.ओ.यू. से राजस्थान राज्य में कितने रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां, एम.ओ.यू. की प्रति सलंग्न है।

(2) एम.ओ.यू. में वर्णित विभिन्न क्षेत्रों में विकास हेतु फिक्की के साथ मिलकर कार्य करने का समझौता किया गया है। इन क्षेत्रों के विकास से रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। लेकिन कितने लोगों को रोजगार प्राप्त होगा यह निश्चित संख्या निर्धारित नहीं है। एम.ओ.यू. के प्रावधानों के अनुसार फिक्की द्वारा निम्नांकित कार्य किये जावेंगे :-

1- राज्य में पर्यटन, ग्रामीण क्षेत्र के लघु एवं मध्यम उद्योग, मरू विकास एवं शुष्क खेती, जल प्रबन्धन तथा कृषि आधारित उद्योगों एवं फूड प्रोसेसिंग क्षेत्रों के विकास हेतु नीतिगत सुझाव देना।

2- टास्क फोर्स द्वारा सुझाये गये जिलों में अर्पित योजना के अन्तर्गत सम्पूर्ण विकास हेतु प्रयास करना।

3- टास्क फोर्स द्वारा चिन्हित गांवों को अंगीकृत करके उनके सम्पूर्ण सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिये कार्य करना।

4- राज्य में क्लस्टर्स के विकास हेतु सहायता प्रदान करना।

5- पर्यटन के नये क्षेत्रों जैसे ग्रामीण पर्यटन (रूरल टूरिज्म) इको टूरिज्म तथा हेल्थ टूरिज्म के विकास हेतु सहायता प्रदान करना।

6- राज्य में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से फिक्की अपनी प्रबन्धकीय स्किल्स प्रदान करेगा।

(प्रति पुस्तकालय में रखी गयी।)

हरियासर ग्राम (चूरू) में आपणी योजनान्तर्गत डाली गई अनियमित पाइप लाइन

41. **श्री भंवरलाल शर्मा (सरदारशहर) :** क्या जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि आपणी योजना के अन्तर्गत सरदार शहर तहसील के ग्राम हरियासर घड़सौतान में एक पी. एस. पी. पौने दो किलोमीटर लम्बी लाइन डालने के लिए हरियासर की रोही में व्यक्तिगत लाइन डालने की कार्यवाही विचाराधीन है?

(2) क्या यह सही है कि उक्त हरियासर की रोही में एक पैट्रोल पम्प के लिए पौने दो किलोमीटर लाइन डालने का प्रस्ताव ग्रामीण कमेटी ने दिया है?

(3) क्या यह सही है कि उक्त पाइप लाइन डालने के बारे में कुछ लोगों ने एतराज किया है? यदि हां, तो एतराज की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि तत्कालीन मुख्य अभियंता ने इस पाइप लाइन को रोकने के आदेश दिये हैं तथा सरकार को भी पत्र प्रेषित किया है? यदि हां, तो आदेश व सरकार को लिखे पत्र की प्रति सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी नहीं।

(2) जी हां। अध्यक्ष जल स्वास्थ्य समिति हरियासर-घडसोतान, तहसील सरदारशहर जिला चूरू ने ग्राम हेतु स्वीकृत कुल 8 पी.एस.पी., में से 1 पी.एस.पी. मैसर्स विनायक फ्यूल फिलिंग स्टेशन, को देने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी।

(3) जी हां। प्रति संलग्न परिशिष्ट 'अ' पर उपलब्ध है।

(4) जी नहीं। वर्तमान पदस्थापित मुख्य अभियन्ता, परियोजना [illegible], चूरू के पत्र दिनांक 24 अगस्त, 2005 द्वारा सरकार को प्रेषित पत्र की प्रति संलग्न परिशिष्ट 'ब' पर उपलब्ध है।

परिशिष्ट 'अ'

भंवर लाल शर्मा
सरदारशहर
सदस्य, राजस्थान विधान सभा

सरदारशहर हाऊस
46, ग्रेनेड मार्ग, प्रताप नगर
खातीपुरा रोड़, जयपुर-302012

मुख्य अभियन्ता,
आपणी योजना पी.एम.सी.
चूरू (राज.)

क्रमांक दिनांक 18.8.2005

विषय :- ग्राम हरियासर घड़सोतान से रावतसर रोड़ पर पौने दो किमी. लम्बी लग रही पाइप लाइन को रुकवाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मेरी आपसे दो-तीन दिन पूर्व दूरभाष पर वार्ता हुई कि सरदारशहर तहसील के ग्राम हरियासर घड़सोतान से रावतसर रोड़ पर करीब पौने दो किमी. पाइप लाइन राज्य सरकार के खर्चे से अनधिकृत रूप से डालने का प्रयास किया जा रहा है और वहां एक पेट्रोल पम्प पर स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से पाइप लाइन का ट्रक डाल दिया गया था। यह विषय अत्यन्त ही चिंताजनक है कि सिर्फ एक व्यक्ति जिसका कि व्यावसायिक पेट्रोल पम्प है, उसके लिए सरकारी खर्चे से ढाई लाख रुपये का चूना लगाना और अधिकारियों को गुमराह करना, यह बहुत ही गम्भीर मामला है। मेरे ध्यान में लाया गया है कि पूर्व मुख्य अभियन्ता श्री मालीरामजी के द्वारा इस लाइन को डालने पर रोक लगा दी गई थी और मैंने दूरभाष पर स्थानीय सहायक अभियन्ता और अधिशासी अभियन्ता को भी इस गैर कानूनी कार्यवाही करने से मना करने के लिए बता दिया था। अगर इस प्रकार ग्राम की कमेटी के निर्णय के विरुद्ध एक-एक परिवार को कनेक्शन देना शुरू कर दिया तो मेरी समझ में यह आपणी योजना निश्चित रूप से असफल हो जायेगी ओर यदि इसी ढंग से पाइप लाइन डालना शुरू कर दिया तो प्रथम चरण में ही मेरे हिसाब से 1000-1500 किमी. पाइप लाइन डालने पर भी मांग की पूर्ति नहीं हो पायेगी। अतः मेरा आपसे निवेदन है कि इस मामले में तुरन्त

निर्णय लेकर वहां से पाइप लाइन उठवायें वरना आम जनता के ध्यान में यदि यह मामला आया तो निश्चित रूप से सरदारशहर अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय के आगे हजारों की भीड़ धरना-प्रदर्शन वगैरह करेगी और राज्य के कोष का दुरुपयोग एक व्यक्ति के हित में नहीं होने दिया जायेगा। कृपया जल्दी से जल्दी कार्यवाही कर उच्चाधिकारियों को भी अवगत करायें।

भवदीय,

भंवर लाल शर्मा

परिशिष्ट– 'ब'

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, परियोजना प्रबन्ध प्रकोष्ठ, जन स्वा. अभि. विभाग, चूरू

क्रमांक : एफ (455)/डीएम-तृतीय/05-06/55 दिनांक 24.8.05

शासन सचिव,

जन स्वा. अभि. विभाग,

शासन सचिवालय, जयपुर

विषय :- आपणी योजना के अन्तर्गत ग्राम हरियासर घड़सोतान में रावतसर रोड़ पर स्थित विनायक फिलिंग स्टेशन के पास सार्वजनिक नल के सम्बन्ध में।

प्रसंग :- विनायक फिलिंग स्टेशन का पत्र 19.8.05 जो आप द्वारा 23.8.05 को इस कार्यालय में प्रेषित किया गया।

उपरोक्त पत्र के सन्दर्भ में श्री विनायक फ्यूल फिलिंग स्टेशन के पास पी.एस.पी. के सम्बन्ध में तथ्यात्मक रिपोर्ट निम्नानुसार है :-

1. दिनांक 26.7.2002 को माननीय राज्य मंत्री, इन्दिरा गांधी नहर परियोजना, सिंचित क्षेत्र विकास एवं पंचायती राज मंत्री मास्टर भंवरलाल के निजी सचिव द्वारा श्री राजेन्द्रसिंह भाटी से प्राप्त अभ्यावेदन दिनांक 23.6.2002 फिलिंग स्टेशन पर जल व्यवस्था हेतु

पाइप लाइन डलवाकर पाइन्ट डलवाने का निवेदन किया गया था तथा इस पत्र में यह स्पष्ट किया गया था कि लाइन का जो भी खर्चा आयेगा वह इसके द्वारा या इसकी कम्पनी द्वारा वहन किया जायेगा (पत्र की प्रतिलिपि अनेक्सचर–1 पर संलग्न है)।

2. इस पत्र पर अधीक्षण–तृतीय, पीएमसी, प्रोग्राम डायरेक्टर, सीपीयू, चूरू एवं अधिशासी अभियन्ता-खण्ड-सप्तम, सरदारशहर से पत्र की प्रलिलिपि भेजकर उनकी टिप्पणी/कामेन्ट्स चाहे गये थे। (पत्र की प्रतिलिपि अनेक्सचर–2 पर संलग्न है।)

3. इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, सरदारशहर एवं प्रोग्राम डायरेक्टर, सीपीयू से प्राप्त उत्तर की प्रतिलिपि अनेक्सचर-3 पर संलग्न है। अधिशासी अभियन्ता ने इस पैट्रोल पम्प की दूरी पर ग्राम से 1.8 किलोमीटर बताई गई है तथा यह भी लिखा कि पीएसपी चाहने वाले द्वारा पाइप लाइन का खर्चा वहन करने पर पीएसपी दी जा सकती है तथा सी.पी.यू. द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि क्या व्यक्तिगत फायदे के लिये तथा प्राइवेट बिजनेस स्थान के लिये पी.एस.पी. बनाई जा सकती है, इस हेतु मुख्य अभियन्ता पीएमसी से पालिसी तय करवाई जावे।

4. इसके पश्चात श्री भाटी द्वारा दिनांक 19.12.2002 को पत्र लिखा जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि पाइप लाइन डालने की कीमत हिन्दुस्तान पेट्रोलियम लिमि. के द्वारा वहन करने की स्वीकृति दी जा चुकी है। इस पत्र के प्रत्युत्तर में श्री एच.सी. नकरा. तत्कालीन मुख्य अभियंता, पीएमसी ने पत्र क्रमांक 12008-10 दिनांक 26.12.2002 द्वारा श्री भाटी को सूचित किया कि इस परियोजना में प्राइवेट कनेक्शन देने का कोई प्रावधान नहीं है चाहे वह पाइप लाइन की कीमत चुकाने के लिए भी रजामन्द क्यों न हो। (पत्र की प्रतिलिपि अनेक्सचर-4 पर संलग्न है)।

5. पुनः श्री राजेन्द्र सिंह भाटी, प्रो. विनायक फ्यूल फिलिंग स्टेशन ने माननीय सचिव महोदय को पत्र लिखा उसमें यह सूचना दी गई कि अगस्त, 2003 में ग्राम हरियासर घड़सोतान में जल एवं स्वास्थ्य

समिति का गठन किया गया है एवं उसके अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह ने अपने पत्र क्रमांक 7.8.2003 क्रमांक स्पेशल-1 के माध्यम से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। (पत्र की प्रतिलिपि एवं समिति की स्वीकृति अनेक्सचर-5 पर संलग्न है) इस स्वीकृति में समिति के अध्यक्ष ने स्वीकृत पी.एस.पी. में से एक पी.एस.पी. विनायक फ्यूल फिलिंग स्टेशन, हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड डीलर को देने की स्वीकृति प्रदान की तथा यह स्पष्ट किया कि इन्हें अपने यहां अलग से मीटर लगाना पड़ेगा व यदि आपणी योजना नियमानुसार और कोई खर्च वसूलती है तो उसका खर्चा स्वयं विनायक फ्यूल फिलिंग स्टेशन हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड डीलर को देना पड़ेगा।

6. उपरोक्त सभी पत्रों को ध्यान में रखते हुये मुख्य अभियन्ता पीएमसी ने अपने पत्र संख्या 8220-21 दिनांक 22.10.2003 के द्वारा अधिशासी अभियन्ता, पीएमसी खण्ड-सप्तम, सरदारशहर को सूचित किया था कि विनायक फिलिंग स्टेशन पर अतिरिक्त पी.एस.पी. चीफ कन्सलटेन्ट, प्रोग्राम डायरेक्टर, सीपीयू की सिफारिश के आधार पर नहीं दी जा सकती तथा यह सूचना दी गई कि इस योजना में प्राईवेट कनेक्शन देने का कोई प्रावधान नहीं है। अतः आयन्दा ऐसी सिफारिश नहीं करे। (पत्र की प्रतिलिपि अनेक्सचर-6 पर संलग्न है)।

7. चूंकि विनायक फ्यूल फिलिंग स्टेशन द्वारा यह बार-बार कहा गया कि पाइप लाइन लेने का खर्चा वह वहन करने को तैयार है तथा उनकी पी.एस.पी. के पास मीटर भी लगा दिया जावे ताकि पानी के उपभोग के हिसाब से वह भुगतान कर सके। इससे स्पष्ट है कि तत्कालीन मुख्य अभियन्ता द्वारा यह तथ्य ध्यान में रखते हुये इस स्थान पर पी.एस.पी. के लिये मना किया था क्योंकि व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक स्थल को पी.एस.पी./कनेक्शन देने का प्रावधान योजना में नहीं है।

